# पहले प्रयास में अभिजीत बने आईएएस, अनुपम आईआरएस



आईएएस बने अभिजीत व उनके माता-पिता को बधाई देते लोग। ● अमृत विचार



सिविल सेवा परीक्षा में चयनित अनुपम वर्मा को बधाई देते लोग। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में बाराबंकी की मेधा ने एक बार फिर लोहा मनवाया है। पहले प्रयास में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर अभिजीत नंदन आईएएस और बतौर बीडीओ अयोध्या में तैनात अनुपम वर्मा आईआरएस के लिए चयनित हुए हैं।

पहले ही प्रयास में 294वीं रैंक हासिल कर माता पिता के साथ ही जिले का नाम रोशन करने वाले अभिजीत नंदन वर्मा लखपेड़ाबाग स्थित रामसेवक यादव इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. जगन्नाथ वर्मा के पुत्र हैं। परिवार शहर की आवास विकास कालोनी में रह रहा है। अभिजीत की सफलता की खबर मिलते ही उनके घर में खुशी का माहौल छा गया और परिजनों व शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर अभिजीत का स्वागत किया। अभिजीत ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। बताया कि परिवार के सहयोग और प्रेरणा से ही वह सफलता की दहलीज तक पहुंचे। बता दें कि अभिजीत की प्रारंभिक पढ़ाई के बाद उन्होंने आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग का लक्ष्य पूरा किया। इसके बाद उन्होंने एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी की। नौकरी छोड़कर उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की और पहले ही प्रयास में बाजी मार ली। पिता डॉ. जगन्नाथ वर्मा बताते हैं कि उनके कॉलेज के कई छात्र पीसीएस और पीसीएस-जे जैसी परीक्षाओं में सफल हुए हैं, लेकिन इस बार अभिजीत के रूप में यूपीएससी में सफलता मिलने से गर्व की अनुभूति हो रही है। अभिजीत नंदन वर्मा ने बताया कि उन्होंने तैयारी के दौरान पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को विशेष महत्व दिया। इससे परीक्षा के पैटर्न को समझने और कम समय में बेहतर तैयारी करने में मदद मिली। युवाओं को टिप्स देते हुए अभिजीत ने बताया कि अभ्यर्थियों को सिलेबस को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई करनी चाहिए और नियमित रूप से अखबार पढ़कर करेंट अफेयर्स पर भी पकड़ मजबूत रखनी चाहिए। गृहणी मां सरिता वर्मा ने अपने बेटे का ढेर सारा आशीष दिया।

सफलता की राह पर एक नाम बाराबंकी के रहने वाले अनुपम वर्मा का भी है। विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुबारकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह वर्मा के पुत्र अनुपम वर्मा की वर्ष 2023 में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर अयोध्या के मवई ब्लाक में तैनाती हुई। वह वर्तमान समय में सोहावल में बतौर बीडीओ तैनात हैं। अनुपम ने सिविल सेवा परीक्षा में 681वीं रैंक के साथ सफलता हासिल कर इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) के लिए चयनित होकर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। अनुपम वर्मा बताते हैं कि वह आज जिस भी मुकाम पर हैं, उसमें उनके पिता सुरेन्द्र सिंह वर्मा, शिक्षामित्र मां पूनम वर्मा और कांस्टेबल चाचा राजकुमार वर्मा का सहयोग है। परीक्षा परिणाम आते ही उनके घर में खुशी की लहर दौड़ गई।

# पुरानी रंजिश में सरेशाम अधिवक्ता को मारी गोली

## ग्रीन डिवाइन सिटी के पास हमलावरों ने वारदात को दिया अंजाम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

● घायल वकील को लखनऊ किया गया रेफर

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक अधिवक्ता पर फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। हमले में अधिवक्ता चंद्रेश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पेट में गोली लगने के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के केजीएमयू रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से सफदरगंज थाना क्षेत्र के बीरबल पुरवा निवासी चंद्रेश वर्मा इन दिनों शहर के ग्रीन डिवाइन सिटी में परिवार के साथ रह रहे हैं। शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह ग्रीन डिवाइन सिटी के पास नहर किनारे खाली स्थान पर गए थे। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और कथित रूप से उन्हें जबरन वाहन में बैठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर फायर कर दिया, जिससे गोली उनके पेट में जा लगी। घायल चंद्रेश वर्मा के मुताबिक हमलावर उनके ही गांव के अनीता, मथुरा, रघु, बड़कऊ और धर्मेंद्र समेत अन्य लोग थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1997 में उनके पिता महादेव की जमीनी विवाद में हत्या कर दी गई थी और उसी रंजिश को लेकर यह हमला किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ सिटी संगम कुमार, कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू कर दी। उधर अधिवक्ता के घायल होने की खबर मिलते ही जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, पूर्व अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई, पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता अस्पताल पहुंच गए।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले सफदरगंज थाने में एक महिला ने चंद्रेश वर्मा के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इस प्रकरण में पुलिस और अधिवक्ता के बीच कथित अभद्रता को लेकर भी मामला काफी चर्चा में रहा था।

कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक दिन पहले ससुराल से घर लौटे युवक का शव शुक्रवार सुबह रस्सी के फंदे से पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव की है। गांव वासी रामजियावन का पुत्र अंकित चौहान गुरुवार रात खेत की रखवाली करने गया था। शुक्रवार सुबह तक उसके घर वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी, खोजबीन करते हुए खेत तक गए परिजनों ने पास ही लगे एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से अंकित का शव लटकता देख। खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजन यह नहीं बता सके कि अंकित ने यह कदम क्यों उठाया। बताया जा रहा कि अंकित का दो साल पहले विवाह हुआ था और सात माह की बेटी है। होली पर उसकी पत्नी मायके चली गई थी। गुरुवार को अंकित अपनी ससुराल गया और देर शाम को वह घर लौट आया था। रात में ही वह खेत चला गया था।

# होली पर निकाली रंजिश मारपीट में कई लोग घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** होली के दिन अलग अलग वजहों से शुरु मारपीट, हमले का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। कई जगहों पर हुई मारपीट आदि की घटनाओं में लोग घायल हुए।

घुंघटेर के बाहरपारा मजरे जमुवा निवासी दयाशंकर ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च की शाम रंजिश को लेकर आकाश, विकास और सुबास ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। जहांगीराबाद में चपरी निवासी विनोद ने बताया कि वह होली के दिन अपने भाई के पोते का मुंडन कराने नटपीर बाबा स्थान पर परिवार के साथ गया था। इसी दौरान देशराज की मोटरसाइकिल से उसके भतीजे सोनू की पत्नी माधुरी को टक्कर लग गई। विरोध पर देशराज कुछ देर बाद अपने साथियों सूरज, कल्लू, भुल्लन, अमन, बिल्ला उर्फ रामू, आयुष, मनोज सहित 10-12 अज्ञात लोगों को लेकर आया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में विनोद, तेजा, मखंचू, प्रेम, अनीता, माधुरी, दुर्गेश और रोहित घायल हो गए।

फैजुल्लागंज की कमला ने आरोप लगाया कि होली की दोपहर उसके देवर ज्ञानेन्द्र जब खेत से लौट रहे थे, तभी डीजे पर रंग खेल रहे कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें लाठी-डंडों से पीट दिया। थाना मसौली क्षेत्र के नौबस्ता निवासी जानकी देवी ने दुकानदार आदेश कुमार और सूरज पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसके पति कमलेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।

मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के देवरिया मजरे पारा के भारत ने आरोप लगाया कि राजकुमार, रमेश और कोइली शराब के नशे में उसके घर पहुंचे और जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे भारत के पैर में चोट आई। उसके बेटे वीरेश और पत्नी लालदेई को भी पीटा गया।

# बंद होगा संजय सेतु, पीपा पुल ढोएगा यातायात

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ से बहराइच होते हुए नेपाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संजय सेतु के मरम्मत कार्य को लेकर जल्द ही पुल पर आवागमन बंद किया जाएगा। ऐसे में लोगों के सुगम परिवहन को ध्यान में रखते हुए सरयू नदी पर 6.28 करोड़ की लागत से पीपा पुल के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।



सरयू नदी पर बनाया जा रहा पीपा पुल।

गुरुवार को सरयू नदी में एक प्लाटून डालकर पीपा पुल निर्माण की आधारशिला रखी गई हालांकि नदी का जलस्तर कम होने के कारण किनारे काफी ऊंचे हो गए हैं, जिससे पांटून डालने में दिक्कत आ रही है। इसे देखते हुए दो जेसीबी मशीनों की मदद से नदी में डाल बनाने का कार्य तेज़ी से कराया जा रहा, ताकि पांटून की कड़ियां एक-एक कर जोड़ी जा सकें।बताया जा रहा है कि कुल 208 पांटून से दो पीपा पुल बनाए जाएंगे। फिलहाल 52 पांटून मौके पर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा लोहे के तख्त, पीलर, तार, गाटर, रस्से और नट-बोल्ट समेत अन्य निर्माण सामग्री भी जुटाई जा रही। कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों के अनुसार यदि सब कुछ योजना के मुताबिक चलता रहा तो इसी माह के अंत तक सरयू नदी पर पीपा पुल तैयार हो जाएगा। पीपा पुल बन जाने के बाद लखनऊ से गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल तक आवागमन सुगम हो जाएगा।

# छेड़छाड़ कर दी फोटो वायरल करने की धमकी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी दे रहे शोहदे ने सरेशाम घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की। परेशान परिजनों ने शोहदे के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र में रहने वाली महहिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को सोनू आए दिन परेशान करता है। आरोप है कि वह युवती की फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर स्टोरी लगाता है, जिससे युवती का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। पीड़िता की मां का कहना है कि आरोपी कई बार उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी कर चुका है। आरोप है कि गुरुवार को सोनू जबरन उनके घर में घुस आया और बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर सोनू का भाई गुलाब चंद भी वहां पहुंच गया और दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि इस घटना से उसका परिवार काफी परेशान है और उसके पति भी मानसिक रूप से परेशान हैं।

# सड़क हादसों में युवती समेत कई लोग घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास के मार्गों पर शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवती समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार पहली घटना लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर कोटवासड़क के पास सुनौली मोड़ के पास हुई। मेड़ुवा गांव निवासी राजू अपनी बुआ की बेटी शिवानी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दूसरी बाइक सवार मिथिलेश चंद्र वर्मा भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची टोल एम्बुलेंस ने तीनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां युवती शिवानी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

दूसरी घटना में हाईवे पर मोहम्मदपुर कीरत के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी भेजा गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल की पहचान 18 वर्षीय आदित्य कुमार पाल पुत्र राजेश पाल निवासी गाजीपुर के रूप में हुई। इसके अलावा भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास भी एक हादसा हुआ। हकामई गांव निवासी पूनम सिंह अपने पुत्र आदित्य के साथ बाइक से जा रही थीं। इसी दौरान उनकी साड़ी बाइक के पिछले पहिए में फंस गई, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# संदिग्ध हालात में दो किशोरियां लापता

**बाराबंकी: अमृत विचार :** अलग अलग थाना क्षेत्रों में होली के दिन दो किशोरियां लापता हो गईं। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

पहला मामला बड्डूपुर थाना क्षेत्र का है। यहां के निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च को उनकी पुत्री होली खेलने घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परेशान पिता ने दूसरे दिन थाना पुलिस को तहरीर दी है। वहीं दूसरा मामला रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र का है। यहां के निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी करीब 16 वर्षीया पुत्री 4 मार्च की शाम करीब 5 बजे होली मिलने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि धनौरा निवासी पुनवासी नाम का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन बेटी का कोई पता नहीं चल सका। दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

उपलब्धि

प्रदेश में जनपद को मिला पांचवां स्थान

# इंस्पायर अवॉर्ड योजना में जिले के 173 बाल वैज्ञानिक

**बाराबंकी: अमृत विचार :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2025-26 में प्रदेश के 7173 विद्यार्थियों के इनोवेशन आइडिया का चयन हुआ है। इस उपलब्धि में बाराबंकी जनपद ने भी नया कीर्तिमान गढ़ते हुए प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जिले से इस वर्ष 173 विद्यार्थियों के वैज्ञानिक आइडिया चयनित किए गए हैं।

चयनित विद्यार्थियों को अपने वैज्ञानिक आइडिया पर आधारित मॉडल या प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रति छात्र 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि बैंक खातों में भेजी जाएगी। जिससे वह अपने वैज्ञानिक विचार को मॉडल के रूप में विकसित कर सके। इस संबंध में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और इंस्पायर अवार्ड मानक प्रभारी शिक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि चयनित विद्यार्थियों के बैंक खाते सक्रिय रखें। यदि किसी छात्र के खाते में केवाईसी या अन्य औपचारिकताएं लंबित हैं तो उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए।

**पूजा और शिक्षक राजीव की सफलता ने बढ़ाया हौसला :** सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के छोटे से गांव डलई का पुरवा के निवासी मजदूर पुत्ती लाल और रसोइया सुनीला की पुत्री पूजा का भूसा-धूल पृथक्करण यंत्र इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत ही चयनित हुआ था। पूजा ने जिला से प्रदेश व फिर राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवार्ड से सफर की शुरुआत की और गाइड टीचर राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उनके मॉडल को इतनी ऊंचाइयां मिलीं कि उन्होंने प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार हासिल किया।

### छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना योजना का उद्देश्य

इंस्पायर अवार्ड मानक योजना का उद्देश्य स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है। शिक्षक राजीव श्रीवास्तव और छात्रा पूजा की उपलब्धि से शिक्षकों व छात्रों में योजना के प्रति उत्साह बढ़ा है, जो जनपद के लिए गर्व की बात है।

-नवीन पाठक, बीएसए

### प्रदेश में पांचवां स्थान मिलना गर्व की बात

इंस्पायर अवार्ड में जनपद का पांचवां स्थान गर्व की बात है। पूजा और गाइड शिक्षक राजीव श्रीवास्तव की तरह अन्य विद्यार्थी व शिक्षक भी जिले का नाम देशभर में रोशन कर सकते हैं।

-ओपी त्रिपाठी, डीआईओएस

# दो पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग हुए घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा क्षेत्र में गुरुवार को दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

पूरे वैश्य मजरे थलवारा निवासी पहले पक्ष के जयसिंह सिंह के अनुसार, वह गुरुवार की शाम अपने घर से हैदरगढ़ स्थित अस्थायी घर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे गौतम सिंह, आदर्श सिंह उर्फ जालिम, रामकृष्ण सिंह, रामप्रताप सिंह और अरविंद सिंह ने उन पर लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बचाने पहुंचे त्रियुगीनरायन सिंह, हरिशंकर सिंह और जयप्रताप सिंह पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष के संतोष सिंह ने बताया कि शाम को वह अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी कृष्ण कुमार सिंह गाली-गलौज करते हुए घर पर आए और तलवार निकाल ली। उनके साथ मौजूद जयप्रताप सिंह, त्रियुगीनरायन सिंह, हरिशंकर सिंह और अमित ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में रामप्रताप सिंह, अरविंद सिंह, शुभम सिंह, संतोष सिंह तथा एक नाबालिग गुनगुन घायल हो गए।

## श्रद्धा व विश्वास से ही प्राप्त होती है प्रभु की कृपा



कथा के दौरान कथा वाचक व आयोजक। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर के ठाकुरद्वारा मंदिर ओम शिवालय के निकट आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या से आए कथा वाचक स्वरूपानंद महाराज ने राम कथा का रसपान कराते हुए कहा कि राम कथा जीवन की हर व्यथा को मिटाने की शक्ति रखती है। उन्होंने बताया कि कथा भाव से कही जाए और विश्वास के साथ सुनी जाए तभी भक्ति सफल होती है। कथा वाचक ने भक्त प्रहलाद का उदाहरण देते हुए विश्वास की शक्ति समझाई और बताया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव और माता सती भी राम कथा सुनने के लिए अगस्त ऋषि के आश्रम पहुंचे थे। राम कथा के सबसे बड़े वक्ता स्वयं भगवान शिव हैं, जबकि सबसे बड़े श्रोता हनुमान जी महाराज माने जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और संगीत की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक राजीव नयन तिवारी, रामू तिवारी, राम लखन यादव, सावित्री विश्वकर्मा, अशोक यादव, मोहित, विभु, रामदीन, अंकित मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



शपथ ग्रहण करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में जिला न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि ग्राम न्यायालय के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराई जाएगी। जिला न्यायाधीश ने कहा कि अधिवक्ता जितना अच्छा सामाजिक कार्य करेंगे, उतना ही बेहतर सामाजिक माहौल बनेगा और न्यायालयों के विधिवत संचालन से वादकारियों को भी लाभ होगा। उन्होंने तहसील परिसर में संचालित ग्राम न्यायालय के कामकाज की सराहना की और अधिवक्ताओं के सहयोग की प्रशंसा की। पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए जिला और तहसील प्रशासन से वार्ता कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ललित कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की सलाह दी। समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, महामंत्री मनीष श्रीवास्तव, चेयरमैन इरशाद अहमद कमर और एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, ओम प्रकाश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता हरिनाम सिंह वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, रामलाल, श्रवण कुमार वर्मा, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील सिंह, शिव प्रताप सिंह, रंगनाथ त्रिपाठी, रामसिंह चौहान, विकास श्रीवास्तव, अशोक यादव, गणेश शंकर मिश्रा, अनीत रावत, रमेशचन्द्र रावत, रामचन्द्र रावत सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एक्सपोजर विजिट पर रवाना हुए मेधावी छात्र



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीआईओएस। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के सात पीएमश्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 280 मेधावी छात्र हवाई जहाज से पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित संस्थानों का पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण करने के लिए रवाना हुए। भ्रमण में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यालय से 40 छात्र शामिल हैं, जो मिशन पहचान मूल्यांकन परीक्षा तथा विद्यालय स्तरीय परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र हैं। यह भ्रमण 11 मार्च को समाप्त होगा, जिसके बाद छात्र अपने विद्यालय वापस लौटेंगे। इस दौरान छात्रों को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित संस्थानों का शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। वे पंजाब केमिकल्स एंड क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड चंडीगढ़, जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र पिंजौर हरियाणा, सेंटर फॉर रिसर्च इन रूरल एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट चंडीगढ़ और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) मोहाली जैसी जगहों पर जाएंगे। भ्रमण के लिए चयनित छात्र अपने विद्यालय से बस द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर इकट्ठा हुए, जहां से डीआईओएस ओ.पी. त्रिपाठी ने उन्हें हरी झंडी दिखाकर चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमौसी लखनऊ के लिए रवाना किया। मौके पर वित्त एवं लेखाधिकारी (माध्यमिक) संतोष कुमार मौर्य, प्रधानाचार्य नंदिता सिंह एवं पूनम, तथा जिला समन्वयक अखिलेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। डीआईओएस ओ.पी. त्रिपाठी ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान, औद्योगिक प्रक्रियाओं और आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है।

## छात्रा को स्कूल में किया गया सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौबीसी की कक्षा 8 की छात्रा चांदनी को सम्मानित किया गया। हेड मास्टर एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने समारोह का आयोजन कर बालिका और उनके पिता राम चरण मौर्या का माल्यार्पण किया और पुरस्कार प्रदान किया। सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान शिव मोद मौर्य, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, सुजीत शर्मा, राकेश कुमार, मूवीन अहमद, सत्यधर द्विवेदी, अविनाश मिश्रा, प्रतीक्षा गुप्ता, सीमा डांग, शैल कुमारी और हरदयाल उपस्थित रहे। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापिका प्रतीक्षा गुप्ता व शिक्षक मूवीन अहमद मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में चला स्वच्छता अभियान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन में स्वच्छ वातावरण बनाये रखने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन्स में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई अभियान के अन्तर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर पुलिस लाइन आवासीय परिसर, कार्यालयों में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के चकमीरापुर गांव निवासी शिवपाल (45) पुत्र रामसनेही बीती 17 जनवरी को आसीवन गया था। वहीं खरगौरा गांव के पास वह सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे लखनऊ ले गए थे। लेकिन कोमा में जाने से उसकी हालत लगातार बिगड़ती देख परिजन उसे चार दिन पूर्व अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर घर ले आए थे। गुरुवार रात शिवपाल की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। शिवपाल की मौत से पत्नी सरोजनी, बेटे अमित व सुमित और बेटी खुशबू बेहाल रही।



# सड़क दुर्घटनाओं में पूर्व सैनिक सहित 3 की मौत, 2 लोग घायल

## इकलौते बेटे की शादी के लिए बहू देखकर घर लौट रहे थे दंपति

**संवाददाता, हरदोई, सांडी**

**अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में सेना के रिटायर्ड जवान सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि मृतक पूर्व सैन्यकर्मी की पत्नी सहित दो घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना कलान के के उदयपुर भूड़ा औरंगाबाद निवासी राजेश (55) साल 2008 में सेना से रिटायर हुए थे। राजेश और उनकी पत्नी बीना (50) ने अपने इकलौते बेटे अमित के लिए हरपालपुर थाने के सिरसा निवासी हेमराज की बेटी के साथ रिश्ता तय किया था। दोनों सिरसा गए हुए थे, जहां से शुक्रवार की शाम दोनों मोपेड से लौट रहे थे। उसी बीच सवायजपुर कोतवाली के गंगा एक्सप्रेस-वे की संझारा सर्विस लेन पर तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी, वहां पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी सवायजपुर पहुंचाया। जहां राजेश की मौत हो गई, जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है। राजेश के परिवार में इकलौते बेटे अमित के अलावा दो बेटियां हैं।

दूसरी घटना में सांडी थाना क्षेत्र के वघराई गांव निवासी 35 वर्षीय सुशील पुत्र बाबूराम शुक्रवार की शाम बाइक से सांडी बाजार जा रहा था, तभी सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही सैकड़ो की तादात में ग्रामीणों ने वघराई गौशाला के पास हरदोई मार्ग पर जाम लगा दिया, काफी देर तक दोनों तरफ आवागमन बंद हो जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास कर है। समाचार लिखे जाने तक जाम खुली नही है। वहीं तीसरी घटना में सुरसा थाने खे मंगलीपुरवा निवासी चेतराम (60) की तीन बेटी व एक बेटा है, उसकी छोटी बेटी शांति टड़ियावां थाने के लिलवल गांव में ब्याही है। शुक्रवार को चेतराम अपने 27 वर्षीय दामाद जयचन्द्र निवासी बनियान खेड़ा के साथ बाइक से शांति की ससुराल होली मिलने जा रहा था, उसी बीच रास्तें में कोतवाली देहात के मुरली पुरवा के पास तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से दोनों ज़ख्मी हो गए, आनन-फ़ानन में उन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां चेतराम की मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### ई-रिक्शा पलटा बच्चे की मौत, एक घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** सुरसा थाना क्षेत्र के लखनऊ रोड हाइवे पर निकट ग्राम कराही पुरवा के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया ।जिसमें दबकर पांच वर्षिय बच्चे की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ही वल्लीपुर निवासी जगदीश कुमार ई रिक्शा चलाते हैं। शुक्रवार की शाम को वह हरदोई से ई रिक्शा पर सवारियां लेकर वल्लीपुर जा रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ई रिक्शा तेज रफ्तार में था और कराही पुरवा गांव की मोंड के पास अनियंत्रित होकर पलट गया ।जिसमें ई रिक्शा में बैठा जगदीश का पांच वर्षीय पुत्र सुंदरम उसके नीचे दब गया।और वल्लीपुर के ही रामदीन पुत्र होलू भी घायल हो गए चीख पुकार पर स्थानीय लोग मौके पर और ई रिक्शा सीधा करवाया लेकिन तब तक सुंदरम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घायल को हरदोई जिला अस्पताल भिजवाया।

# ससुर, देवर व नन्दोई पर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप

**संवाददाता, हरदोई**

- पुलिस ने महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** महिला ने अपने ससुर, देवर और नन्दोई पर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर उसके हाथ-पैर बांधकर और मुंह में कपड़ा ठूंस कर हैवानियत की गई। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह का कहना है कि दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सास-ससुर और देवर को हिरासत में लेते हुए मामले की छानबीन की जा रही है।

मामला लोनार थाने के एक गांव का है, वहां की रहने वाली 32 वर्षीय एक महिला ने ससुर, देवर और नन्दोई के ऊपर हाथ-पैर बांध कर उसे कमरें में बंधक बनाया और फिर उसके साथ घिनौनी हरकत करने लगे, बचाव के लिए वह चिल्लाई तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। महिला ने बताया कि गुरुवार रात उसके साथ जो हुआ, उसके पीछे उसके पति का हाथ है। शुक्रवार की सुबह उसे कौन अस्पताल उठा ले गया, कुछ पता नहीं। पड़ोसियो. ने बताया कि बच्चो. के रोने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर पहुंचे और कमरे के अंदर महिला को बंधा हुआ पड़ा देखा। मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था। आनन-फानन पहले उसे पीएचसी पाली पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। महिला ने बताया कि उसके पति की दूसरी महिला से नज़दीकी बढ़ती जा रही थी, जिसका विरोध करने पर उसके साथ ऐसा घिनौना सुलूक किया गया। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि महिला का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है, उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए सास-ससुर और देवर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

# संगीनों के साए में रहा हड़हा गांव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**

**अमृत विचार।** अचलगंज के हड़हा गांव में पुलिस से हुई अभद्रता व वाहन में तोड़फोड़ के बाद गांव में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि अपने काम से आने जाने वालों को कोई समस्या नहीं हुई। वहीं पुलिस मामले से जुड़े उपद्रियों की तलाश में जुटी है। पीएसी हटाई गई लेकिन गांव में फोर्स तैनात है।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव में बुधवार शाम करीब 6 बजे हल्का इंचार्ज शिवकुमार पांडे व सिपाही अमरजीत सिंह का गांव के युवक अंकित सोनकर से जुआं के संबंध में जानकारी करने पर विवाद हुआ था। इसमें सिपाही की बदसलूकी से नाराज लोग भड़क गए थे। इस पर सिपाही की सूचना पर एसओ बृजेश शुक्ला व सीओ मधुप नाथ मिश्रा फोर्स के साथ पहुंचे और डंडा पटककर भीड़ हटाने का प्रयास किया। लेकिन भीड़ पीछे हटने की जगह आक्रोशित हो गई थी। धीरे-धीरे लोगों की संख्या फोर्स से अधिक हो गई। इसमें शामिल उपद्रियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया था। घटना में कुछ पुलिस कर्मियों को चोटें लगने की भी चर्चा है। वहीं पथराव के दौरान एसओ के चालक ने पुलिस वाहन हटाने का प्रयास किया तो वह वह खंती में चला गया। हालात बिगड़ते देख पुलिस बैकफुट पर आई और गांव से एक किमी दूर उन्नाव-लालगंज हाईवे पर बने अंडरपास के नीचे जाकर खड़ी हो गई थी। कंट्रोल रूम को मामले की जानकारी देकर अतिरिक्त फोर्स व पीएसी की मांग की गई। इस पर रात पर एसएसपी जयप्रकाश सिंह पीएसी के साथ पहुंचे थे। तब जाकर स्थित काबू में आई। घटना के तीसरे दिन भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। दरोगा शिव प्रसाद पांडेय की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट में नामित लोगों की पुलिस तलाश कर रही है। वहीं वीडियो फुटेज भी खंगालकर अज्ञात लोगों की भी पहचान की जा रही है। गांव में फोर्स तैनात है। सीओ बीघापुर मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि हालत सामान्य हैं। ऐहतिहातन फोर्स तैनात है। बवालियों की तलाश जारी है।

### होली मिलने जा रहे अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** अधेड़ अपने साढ़ू के घर होली मिलने जा रहा था, वह रेलवे ट्रैक पार करने लगा, उसी बीच उधर से निकल रही लोहित एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।



बेहटा गोकुल थाने के मिठनापुर निवासी 52 वर्षीय गंगाराम पुत्र रामकिशन खेती-बाड़ी कर पत्नी माया देवी के अलावा अकेले बेटे अंशुल और दो बेटियों के साथ गुज़ारा कर रहा था। गंगाराम के साढ़ू मुनेश उसी थाने के हुसैनापुर में रहता है, वह गुरुवार की दोपहर वह अपने साढ़ू मुनेश के घर होली मिलने जा रहा था, रास्तें में झरसा आलम के पास रेलवे ट्रैक पार करने लगा, उसी बीच किलोमीटर संख्या-1204/1206 के पास से निकल रही लोहित एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से गंगाराम की वहीं पर मौत हो गई। बेहटा गोकुल पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी।

### जननायक एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** पंजाब से बिहार जा रही जननायक एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना थाना पिहानी क्षेत्र के ग्राम सरैया के पास की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रिंकू कुमार (22) पुत्र खातो ऋषि, निवासी तेतराही जानकीनगर, जिला पूर्णिया (बिहार) के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि युवक पंजाब से अपने घर बिहार जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन संख्या 15210 जननायक एक्सप्रेस जब पिहानी क्षेत्र के सरैया गांव के पास पहुंची, तभी किसी कारणवश वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया।

# सामूहिक रोजा इफ्तार में सैकड़ों लोगों ने की मुल्क की सलामती के लिए दुआ

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला गोलकुआं स्थित हुसैनी मस्जिद में नबी दादा खान की ओर से सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। इफ्तार से पूर्व हबीबुल रहमान बाबूजी ने रोजा इफ्तार की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि रोजा सब्र, सहनशीलता व इंसानियत का पैगाम देता है। कहा कि इफ्तार के वक्त की दुआ खास कबूल होती है। इसलिए इफ्तार से पहले हमें अपने साथ पूरे मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ करनी चाहिए। निर्धारित समय पर अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर व पानी से रोजा इफ्तार किया। इसके बाद सभी ने मगरिब की नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे व तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बदलू खान, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष इजहार खां गुड्डू, अनवर कुरैशी व शब्बीर बाबू सहित सैकड़ों रोजेदार मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला नसीमगंज स्थित हारुन खान ने अपने आवास पर सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। इसमें कारी अजमत अली, आफाक सभासद व जुबैर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



सामूहिक रोजा इफ्तार में शामिल लोग। अमृत विचार

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड बिलग्राम के सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह मुन्ना की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी नीरज शर्मा ने विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी और संबंधित अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरी पुत्री अपराजिता गुप्ता (APARAJITA GUPTA) के जन्म प्रमाण–पत्र में पिता का नाम हरि बाबू गुप्ता अंकित हो गया है, जबकि पिता का सही नाम अतुल गुप्ता (ATUL GUPTA) है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) ही हैं। **अतुल गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश गुप्ता निवासी मकान नं0–सी–147(1388) धीरजनगर आत्मादपुर सेक्टर 30 नियर जे0के0 पब्लिक स्कूल अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम तैय्यब अली जफर अली (TAYAB ALI JAFAR ALI) से बदलकर तैय्यब अली (TAYAB ALI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। तैय्यब अली, पुत्र जफर अली, म. नं.-1104 सराफा बाजार खखेरू फतेहपुर उ.प्र.-212656

**सूचना**

मैंने अपना नाम तैय्यब अली मेरुन नस्सा (TAYAB ALI MERUN NASSA) से बदलकर महरुन निशा (MAHRUN NISHA) रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। महरुन निशा, पत्नी तैयब अली, म. नं.-1104 सराफा बाजार, खखेरू फतेहपुर उ.प्र.-212656

**सूचना**

मेरी पॉलिसी संख्या 219153847 में मेरा नाम हामिदा खातून पुत्री शमीम बानो लिखा है जबकि अन्य सारे कागजात में मेरा नाम मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद लिखा है। मेरी पालिसी संख्या में भी मेरा नाम हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद ही समझा जाए। **हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद निवासी ग्राम धरमई, अलावल देवरिया जनपद गोंडा**

**सूचना**

मेरे भूखंड 5E-1/PH-3, वृन्दावन योजना, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र संख्या: 2067 दिनांक 06–3–2013 जिस पर किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लिया गया है, वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है यदि किसी व्यक्ति / संस्थान को आपत्ति हो तो सूचित करें ।– **सामर्थ अग्रवाल पुत्र प्रदीप कुमार अग्रवाल नि– रो– हाउस, प्लाट न 86, सेक्टर 4, नवी मुंबई, कूपर खारिने, थाने, महाराष्ट्र मो – 9820322714**

**सूचना**

मैने अपना नाम SHADAB AHMED से बदलकर SHADAB AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SARFARAZ AHMAD ADD-60, AATIF VIHAR COLONY, OPPOSITE BBD UNIVERSITY, UTTARDHAUNA, DIST-LUCKNOW-226028 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम RAJEEV KUMAR से बदलकर RAJEEV KUMAR VAISH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GORAKH NATH R/0-G BLOCK FLAT NO- 701 SRISHTI APPARTMENT JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226021(U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 7937 81 52 2799 में मेरा नाम नंदनी (NANDANI) दर्ज है जो की गलत है शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज है जो शुद्ध है इसलिए आधार कार्ड में शुद्ध नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज किया जाना चाहिए । **नन्दिनी पुत्री श्री मनोज यादव ग्राम व पोस्ट मालीपुर ब्लॉक व तहसील जलालपुर जिला अंबेडकर नगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम पुष्प मित्र सेन है। जिसे बदलकर अब मैंने देवांश मिश्रा कर दिया है। पुष्प मित्र सेन व देवांश मिश्रा दोनों एक ही हैं। इसलिए अब मेरे पुत्र पुष्प मित्र सेन को देवांश मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। **लालता प्रसाद मिश्रा पुत्र राम अनुज मिश्रा ग्राम व पोस्ट बैरागीजोत, थाना व तहसील भिनगा, जिला श्रावस्ती उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नित्यराम पुत्र बच्चू लाल निवासी ग्राम फतेहपुर ककरडिल्ला थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अंबेडकरनगर का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड 227613595451 में लिपिकीय त्रुटि बस नीते हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम नित्यराम है। मुझे नित्यराम नाम से जाना व पहचाना जाए। मेरे निर्वाचन कार्ड व अन्य अभिलेखों में भी मेरा नाम नित्यराम ही है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, एकादशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, अयोध्या

### ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य

#### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 06/अधी0अभि0/एकादशम्/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड **दिनॉक– 13.03.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे** विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। **निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनॉक– 07.03.2026 के पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनॉक– 13.03.2026 को अपरान्ह 14:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी।** कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई–पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी।

| लाट स0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद अयोध्या तहसील सोहावल में घाघरा / सरयू नदी के दाहिने तट पर स्थित रौनाही तटबन्ध के किमी० 13.400 से किमी0 14.300 तक नदी की तरफ के स्लोप पर स्टोन बोल्डर पिचिंग का कार्य। | 4.10 | 03 माह | रू0 5077.00 | ए एवं उच्च |
| 2. | जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल में घाघरा/सरयू नदी के दाहिने तट पर स्थित ग्राम समूह थरेरू, मांझा, थरेरू उपरहार आदि की कटान से सुरक्षा हेतु जियोबैग स्लोप पिचिंग एवं परक्यूपाईन स्क्रीन लगाने का कार्य। | 7.70 | 03 माह | रू0 7245.00 | ए एवं उच्च |
| 3. | जनपद अयोध्या के तहसील सदर के अन्तर्गत सरयू / घाघरा नदी के दाये तट पर स्थित अयोध्या–बिल्वहरिघाट तटबन्ध के किमी० 3.600 पर निर्मित स्पर के पुर्नस्थापना का कार्य। | 5.60 | 03 माह | रू0 5997.00 | ए एवं उच्च |
| 4. | जनपद अयोध्या के तहसील सदर के अन्तर्गत सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर स्थित अयोध्या बिल्वहरिघाट तटबन्ध के किमी० 3.430 पर निर्मित स्पर के पुर्नस्थापना का कार्य। | 5.60 | 03 माह | रू0 5999.00 | ए एवं उच्च |
| 5. | जनपद अयोध्या के तहसील सदर के अन्तर्गत सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर स्थित अयोध्या बिल्वहरिघाट तटबन्ध के किमी० 12.780 से किमी० 13.140 (दशरथ समाधि स्थल) के मध्य कटान से सुरक्षा हेतु स्लोप बोल्डर पिचिंग का कार्य। | 2.70 | 03 माह | रू0 4305.00 | ए एवं उच्च |
| 6. | जनपद अयोध्या की तहसील सदर के अन्तर्गत सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर स्थित ग्राम समूह गोबिनापुर व श्रृंगी ऋषि आश्रम आदि की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य। | 4.25 | 03 माह | रू0 5200.00 | ए एवं उच्च |
| 7. | जनपद अयोध्या की तहसील सदर के अन्तर्गत सरयू / घाघरा नदी के दाहिने तट पर स्थित ग्राम समूह शेरवाघाट व मंझवा आदि की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य। | 4.15 | 03 माह | रू0 5152.00 | ए एवं उच्च |
| 8. | जनपद अम्बेडकरनगर तहसील टाण्डा में घाघरा / सरयू नदी के दाहिने तट पर टाण्डा शहर के ग्राम समूह असोपुर, छज्जापुर (राजघाट) इत्यादि की कटान से सुरक्षा हेतु जियोबैग स्लोप पिचिंग तथा परक्यूपाईन स्क्रीन लगाने का कार्य। | 6.35 | 03 माह | रू0 6435.00 | ए एवं उच्च |
| 9. | जनपद अम्बेडकरनगर तहसील टाण्डा में सरयू (घाघरा) नदी के दाहिनें तट पर स्थित ग्राम समूह– नौराहने रामपुर, खिदाई गनेशपुर आदि की कटान से सुरक्षा हेतु जियोबैग स्लोप पिचिंग एवं परक्यूपाईन स्क्रीन लगाने का कार्य। | 7.25 | 03 माह | रू0 6963.00 | ए एवं उच्च |
| 10. | जनपद– अम्बेडकर नगर, तहसील– आलापुर में सरयू (घाघरा) नदी के दाहिनें तट पर स्थित ग्राम समूह गोर्वधनपुर (राधाकृष्ण मन्दिर) सराय नेल्कंथ आदि की कटान से सुरक्षा हेतु जियोबैग स्लोप पिचिंग एवं परक्यूपाइन स्क्रीन लगाने का कार्य। | 6.70 | 03 माह | रू0 6628.00 | ए एवं उच्च |
| 11. | जनपद अम्बेडकरनगर तहसील आलापुर में सरयू / (घाघरा) नदी के दायें तट पर स्थित ग्राम समूह बंगालपुर, बसंतपुर आदि की कटान से सुरक्षा हेतु जियोबेग स्लोप पिचिंग एवं परक्यूपाईन स्क्रीन लगाने का कार्य। | 6.00 | 03 माह | रू0 6228.00 | ए एवं उच्च |
| 12. | जनपद अम्बेडकरनगर तहसील आलापुर में सरयू / (घाघरा) नदी के दाहिने तट पर स्थित ग्राम समूह माझा कम्हरिया, आराजीदेवारा आदि की कटान से सुरक्षा हेतु परक्यूपाईन स्क्रीन लगाने का कार्य। | 7.50 | 03 माह | रू0 7138.00 | ए एवं उच्च |
| 13. | जनपद बाराबंकी में सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर स्थित चहलारी घाट गनेशपुर तटबन्ध के किमी0 41.700 के अपस्ट्रीम के पास ग्राम समूह तिवराईन पुरवा, बल्लोपुर, पाण्डेयपुरवा–बिझला आदि की कटान सुरक्षात्मक कार्य। | 8.80 | 03 माह | रू0 7898.00 | ए एवं उच्च |
| 14. | जनपद बाराबंकी में सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर स्थित चहलारी घाट गनेशपुर तटबन्ध के किमी0 44.150 पर 01 अदद स्पर निर्माण का कार्य। | 9.35 | 03 माह | रू0 8393.00 | ए एवं उच्च |
| 15. | जनपद बाराबंकी में सरयू / (घाघरा) नदी के दायें तट पर स्थित सूरजपुर मुख्य बाँध के किमी0 2.725 पर बॉक्स कलबर्ट टाइप रेगूलेटर के पुनर्निमाण का कार्य। | 1.75 | 03 माह | रू0 3719.00 | बी एवं उच्च |
| 16. | जनपद बाराबंकी में सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर एल्गिन ब्रिज के डाउनस्ट्रीम में ग्राम समूह कोरिनपुरवा, तपेसिपाह आदि की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य। | 3.95 | 03 माह | रू0 5037.00 | ए एवं उच्च |
| 17. | जनपद बाराबंकी में सरयू / घाघरा नदी के दायें तट पर अलीनगर रानीमऊ तटबन्ध के समीप स्थित ग्राम कलहंसपुरवा कोठरी, सुबेदारपुरवा एवं अतर सुइया की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य। | 6.70 | 03 माह | रू0 6646.00 | ए एवं उच्च |

1. यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट **http://up.gov.in/** सूचना विभाग की वेबसाइट **http://information.up.nic.in/** तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट **http://idup.gov.in** पर उपलब्ध है।
2. निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि, इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाइन भुगतान द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

UP - 247344 दिनांक: 05/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
एकादशम् मण्डल सिंचाई कार्य,
अयोध्या

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर

पत्रांकः–269/9ए–निविदा दिनांक 24.02.2026

### अल्प कालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर द्वारा लोक निर्माण विभाग में मार्ग वर्ग में 'ए,बी,सी','डी' एवं 'ई' श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दरों के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित करते है।

| क0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता का पता | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता का पता | कार्यालय मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | चकपुरवा सम्पर्क मार्ग | 6.40 | 0.64 | 856.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर | अयोध्या, अम्बेडकरनर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या |
| 2 | –तदैव– | उसरहा बलरामपुर भीमाकोल के निकट छोटी सरयूनदी पर निर्माणाधीन हेतु के पहुंचमार्ग (अम्बेडकरनगर साइड) | 4.51 | 0.46 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 3 | –तदैव– | रूकमलपुर खास सम्पर्क मार्ग | 7.87 | .79 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 4 | –तदैव– | नसीरपुर छितौना सम्पर्क मार्ग | 7.76 | 0.78 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 5 | –तदैव– | नेवारी दुराजपुर सम्पर्क मार्ग | 7.76 | 0.78 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 6 | –तदैव– | अहिरौली रानीमऊ सम्पर्क मार्ग | 6.86 | 0.69 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 7 | –तदैव– | मधुवाना लखनडीह सम्पर्क मार्ग | 7.94 | 0.80 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 8 | –तदैव– | लालमनपुर सम्पर्क मार्ग | 2.02 | 0.21 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 9 | –तदैव– | सोनगांव उत्तर सम्पर्क मार्ग | 2.45 | 0.25 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 10 | –तदैव– | जमौली खास सम्पर्क मार्ग | 2.45 | 0.25 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 11 | –तदैव– | गोलपुर खास सम्पर्क मार्ग | 3.46 | 0.35 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 12 | –तदैव– | ताहापुर खनुजपुर सम्पर्क मार्ग | 5.81 | 0.59 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 13 | –तदैव– | कादीपुर दुर्गा का पूरा सम्पर्क मार्ग | 3.93 | 0.40 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 14 | –तदैव– | ताजूपुर गुलरापारा सम्पर्क मार्ग | 9.76 | 0.98 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 15 | –तदैव– | उसरहा के पोखरा ईस्ट सम्पर्क मार्ग | 2.44 | 0.25 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 16 | –तदैव– | कचपुरा गजराज का पूरा सम्पर्क मार्ग | 2.46 | 0.25 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 17 | –तदैव– | रामपुर चाड़ीडीहा खास सम्पर्क मार्ग | 3.42 | 0.35 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 18 | –तदैव– | आजनपारा शाहगंज रोड पर रूदौली उदायी के पश्चिम भदोही नाले पर मंसूरपुर तक सम्पर्क मार्ग | 14.64 | 1.47 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 19 | –तदैव– | रामपुर दूबे सम्पर्क मार्ग | 12.22 | 1.23 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 20 | –तदैव– | भस्मा सम्पर्क मार्ग | 11.64 | 1.17 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 21 | –तदैव– | फततेपुर मानिकपुर सम्पर्क मार्ग | 9.83 | 0.99 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 22 | –तदैव– | फुलवारी सम्पर्क मार्ग | 15.83 | 1.59 | 944.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 23 | –तदैव– | विशम्भरपुर लोहरौटी कोहरौटी सम्पर्क मार्ग | 4.45 | 0.45 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 24 | –तदैव– | पिण्डोरिया हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग | 3.99 | 0.40 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 25 | –तदैव– | विछौला हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग | 2.46 | 0.25 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 26 | –तदैव– | मोलनापुर सम्पर्क मार्ग | 18.14 | 1.82 | 944.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 27 | –तदैव– | रतना पलया सम्पर्क मार्ग | 2.97 | 0.30 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 28 | –तदैव– | नेवतारा बड़ी हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग | 3.94 | 0.40 | 767.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 29 | –तदैव– | जलालपुर रामगढ़ रोड के किमी0-22 से गहनागन बाबा से राजेपुर कोपा सम्पर्क मार्ग | 9.83 | 0.99 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 30 | –तदैव– | जलालपुर रामगढ़ मार्ग के किमी0-22 से गहनागन बाबा दक्षिण यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग | 12.33 | 1.24 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |
| 31 | –तदैव– | गोबिन्दपुर खास सम्पर्क मार्ग | 5.94 | 0.60 | 856.00 | 02 माह | –तदैव– | –तदैव– | –तदैव– |

निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.03.2026 को मध्याहंन 12.00 बजे से 16.03.2026 को मध्याहंन 12.00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि उक्त वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें ताकि किसी भी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।

UP - 247249 दिनांक: 05/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(अश्वनी कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
अम्बेडकरनगर

# अमृत विचार



**मुकद्दस रमज़ान**



- 17वां रोज़ा-
- अफ्तार-शनिवार 6 :13 बजे
- 18वां रोज़ा-
- सहरी-रविवार 5 :09 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### पिंक रोजगार महाकुम्भ का आयोजन कल

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया है कि शासन के मंशानुसार मिशन रोजगार के अन्तर्गत बेरोजगार महिला अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आठ मार्च को प्रात : 10 बजे से एक दिवसीय पिंक रोजगार महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है, उक्त मेले में महेन्द्रा फाइनेन्स, हीरो क., अमेजन, जियो, फ्लिपकार्ट सहित 50 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिसमें न्यूतम हाईस्कूल पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### संदिग्ध हालात में सड़क पर मिला अज्ञात युवक

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मोहल्ला दिलेरगंज में स्टेट बैंक तिराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक गुरुवार की रात से पड़ा पाया गया। मोहल्ले वालों ने शुक्रवार सुबह उसके मुंह से झाग निकलता देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को सीएचसी भेजा जहां से इलाज के लिए युवक को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। जामा मस्जिद पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया घायल को इलाज के जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। जहाँ उसका इलाज चल रहा है।उसकी तबियत सही होने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम-एसपी ने जमकर खेली होली

**हरदोई, अमृत विचार।** होली के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए लगातार पुलिस सजग रही। जगह-जगह फ्लैग मार्च निकाले गए। त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से निपट जाने पर पुलिस लाइन में शुक्रवार को एसपी ने होली का आयोजन किया। जमकर रंग गुलाल चला। होली और फिल्मी गीतों पर डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा खूब थिरके। पुलिस लाइन में एसपी ने होली का आयोजन किया। फायर बिग्रेड से रंग छोड़े गए। जवानों ने होली के रंगों का जमकर आनंद उठाया। होली की मस्ती पर पुलिस कर्मियों ने जिलाधिकारी अनुनय झा को कंधों पर उठाकर रंग भरे स्वीमिंग टब में डाल दिया। होली की मस्ती में अधिकारी व जवान सभी रंगे नजर आ रहे थे। रंग गुलाल के साथ फिल्मी गानों का भी दौर चल रहा था, जिस पर डीएम ने खूब ठुमके लगाए। पूरे जोश के साथ पुलिस लाइन में जमकर होली का त्योहार पुलिस अधिकारियों व जवानों ने पूरे उत्साह के साथ मनाया।



होली के दौरान डीएम अनुनय झा को कंधे पर बैठाये पुलिस कर्मी। अमृत विचार



रंगों का फव्वारा छोड़ते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार



रंग में सराबोर पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने गाये फाग गीत

**हरदोई, अमृत विचार।** सांस्कृतिक गरिमा के साथ होली के उल्लास के बीच पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर के बच्चों फाग गीतों के साथ रंगोत्सव को अलग-अलग रंगों से रंगीन कर दिया। इस दौरान विद्यालय का आंगन बीच-बीच में 'बांके बिहारी लाल' के लग रहे जयकारों से प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना से खिलखिला उठा। बावन ब्लाक के पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर के बच्चों के उत्साह ने होली के उल्लास को दो गुना कर दिया। फाग गीत गाए और 'बांके बिहारी लाल' के जयकारे लगाते रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरकार भारतीय लोक परम्पराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सांस्कृतिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित कर रही है।



स्कूल में फाग गीत गातीं छात्राएं।

### 1.66 करोड़ रुपये से होगा शिव मंदिर का कायाकल्प

**हरदोई, अमृत विचार।** शासन ने हरदोई-शाहाबाद मार्ग स्थित शिव संकट हरण महादेव मंदिर के लिए 1.66 करोड़ की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। डीएम अनुनय झा ने कहा कि टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। पूरे प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड निभाएगा। सकाहा संकटहरण महादेव मंदिर की दीवारों पर भगवान शिव की महिमा और मंदिर के पौराणिक इतिहास को चित्रों के माध्यम से दर्शाया जाएगा।, श्रद्धालुओं के रुकने के लिए विश्राम गृह और धूप-बारिश से बचने के लिए यात्री शेड का निर्माण किया जाएगा, मंदिर क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट, आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक, ड्रेनेज सिस्टम और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

## कोटेदार व शिक्षक के घर पर चोरों का धावा

### 8.5 लाख रुपये के कीमती जेवर और एक लाख से अधिक नकदी ले गए चोर, दी गई तहरीर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बेखौफ चोर बंद पड़े एक कोटेदार और दूसरे शिक्षक के घरो.पर धावा बोलते हुए वहां से साढ़े आठ लाख रुपये के ज़ेवर और एक लाख दस हज़ार रुपये नकद उठा ले गए। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

पिहानी कोतवाली के रसूलपुर निवासी कोटेदार राजेश गुप्ता कोतवाली देहात के पिहानी रोड गैस गोदाम के पास अनंग बेहटा में मकान है। होली मनाने के लिए सारे लोग मंगलवार को रसूलपुर चले गए। गुरुवार की देर शाम उनका पुत्र आलोक अपनी पत्नी मोहिनी के साथ वापस लौटा। मकान के गेट का ताला टूटा मिला और अंदर के कमरों के ताले टूटे थे। सारा सामान इधर-उधर फैला हुआ था। पहली मंजिल पर आलोक का छोटा भाई आशीष रहता हैं। उसके कमरे के दरवाजे में लगा लॉक चोर नहीं तोड़ पाए तो टेबिल रखकर रोशनदान के रास्ते अंदर घुसे। आलोक ने बताया कि चोर 6 लाख के ज़ेवर और 70 हज़ार रुपये नकद ले गए हैं। पुलिस आलोक की दी हुई तहरीर पर छानबीन कर रही है।

वहीं दूसरी तरफ पिहानी चुंगी निवासी जूनियर हाई स्कूल उतरा के इंचार्ज अध्यापक महेश्वर बक्श वर्मा अनंग बेहटा के पोहखरपुरवा,पिहानी रैड ओवर ब्रिज के पास रहते हैं। पुत्र अनुराग ने बताया कि बुधवार की सुबह वह पत्नी वर्तिका के साथ ससुराल कैथीपुरवा बेनीगंज गया था। पिता महेश्वर बक्श वर्मा पिहानी चुंगी वाले मकान पर थे। गुरुवार की सुबह महेश्वर पोहखरपुरवा वाले मकान पर पहुंचे, जहां गेट की स्टील कटी मिली। पिता की सूचना पर उसने वहां पहुंच कर देखा कि कमरे के अंदर अलमारी खुली मिली और बेड पर सामान फैला मिला। अनुराग के मुताबिक, चोर उसकी पत्नी के ढाई लाख के ज़ेवर और 40 हज़ार कैश उठा ले गए,जिसमें सोने के दो जोड़ी टाप्स, कान के सुई-धागा,बच्चों के तीन लॉकेट, तीन जोड़ी पायल शामिल है। साथ ही तीन ट्राली बैग भी गायब मिले। इसमें चोर उनके, पत्नी और बच्चों के कपड़े तक समेट ले गए।





चोरी की जानकारी देते पीड़ित मकान मालिक। अमृत विचार

## सिविल सर्विसेज में योगेंद्र ने हासिल की 286वीं रैंक

संवाददाता, मल्लावां (हरदोई)

**अमृत विचार।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा में योगेंद्र कुमार ने 286वीं रैंक लाकर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मल्लावां के काजीपुर गांव निवासी गिरीश चंद्र पटेल (नरेश ) के होनहार बेटे योगेंद्र पटेल ने चौथे प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 286 वीं रेंक हासिल की है।

उन्होंने जूनियर तक की शिक्षा एलपीएस माधौगंज, सीएमएस राजाजीपुरम से 12 तक की शिक्षा प्राप्त की है। उसके बाद कानपुर से बीटेक और एमटेक करने के बाद बेंगलुरु में तीन साल तक सर्विस की। उन्होंने पहले प्रयास में सफलता नहीं मिली, दूसरे प्रयास में प्री और तीसरे प्रयास में इंटरव्यू में सफलता नहीं मिली और प्रयास जारी रखा। चौथे प्रयास में सफल हुए। पिता खेती किसानी करते है मां राम रोशनी बघौडा माधौगंज में जूनियर हाई स्कूल में हेड है। उनकी सफलता पर विधायक आशीष सिंह ने भी बधाई दी।



माता-पिता के साथ योगेंद्र पटेल।

## बैंक के सामने बैठी महिला से रुपये छीने

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के दिलेरगंज स्थित स्टेट बैंक की शाखा से रुपए निकाल कर बरामदे में गिन रही बुजुर्ग महिला से नकाबपोश बदमाश ने थप्पड़ मारकर आठ हजार छीने और फरार हो गया। महिला रोती रही। स्टेट बैंक के गार्ड ने इस घटना पर कोई तवज्जो नहीं दी और महिला को कुछ दूर ले जाकर घर चले जाने के लिए कहकर भेज दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है।

शाहाबाद कोतवाली के ग्राम नरहाई निवासी राम श्री (65) पत्नी सूर्यपाल कुशवाहा बैंक में जमा गन्ना के रुपए निकालने के लिए आई थी। महिला का ऑपरेशन होना था, इसलिए रुपए की सख्त जरूरत थी। शुक्रवार दोपहर महिला ने 20 हजार रुपये निकाले और बैंक के बरामदे में बैठकर गिनने लगी। इसी बीच चेहरा ढककर आए एक युवक ने महिला के थप्पड़ मारा और गिनते हुए एक हाथ के रुपए छीनकर भाग गया। महिला के अनुसार 12 हजार रुपये उसके एक हाथ में बच गए। जबकि दूसरे हाथ के 8 हजार रुपये बदमाश छीनकर ले गया। बुजुर्ग महिला चीखने चिल्लाने लगी और गार्ड तथा आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया। गार्ड ने महिला के साथ हुई घटना को नजरअंदाज कर दिया और महिला को बैंक से कुछ दूर अपने साथ लेकर आया और घर चले जाने के लिए कहकर उसे छोड़ दिया। पीड़ित महिला ने घर आकर सारी दास्तान अपने पुत्रों को बताई, उसके बाद कोतवाली में तहरीर दी है।



पीड़ित महिला राम श्री।

### इस्लामगंज मोहल्ले में मच्छरों का प्रकोप

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के टिलिया मोहल्ले, जिसे स्थानीय लोग इस्लाम गंज के नाम से भी जानते हैं, में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों से मच्छरों के काटने से लोग परेशान हैं, दिन में भी मच्छर लगते हैं जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नगर पालिका की तरफ से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मोहल्ले के निवासियों ने बताया कि हमारे घरों में दिन-रात मच्छर भरे रहते हैं। बच्चों को बाहर खेलने में भी डर लगता है।

## पत्नी की मौत के बाद पति ने दम तोड़ा

संवाददाता, हरदोई

- ऑटो के पेड़ से टकराने से पत्नी की हुई थी मौत, घायल पति का लखनऊ में चल रहा था इलाज

**अमृत विचार।** भूरा टीकुर के पास पेड़ से टकराए आटो सवार पत्नी की मौत के बाद उसके पति को हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया था,जहां हादसे के करीब 7 घंटे बाद उसकी भी मौत हो गई। पुलिस सड़क हादसे की जांच कर रही है।

बताते चलें कि कोतवाली देहात के चक निवासी 50 वर्षीय लज्जाराम गुरुवार को अपनी 45 वर्षीय पत्नी सुमिला के साथ रिश्तेदार की 13 वीं में शामिल होने के लिए पिहानी से आ रहे आटो पर सवार हुआ था,रास्तें में कोतवाली देहात के भूरा टीकुर के पास आटो चला रहे रवि को झपकी आ गई और उसका आटो पेड़ से जा टकराया,हादसे में लज्जाराम, उसकी पत्नी सुमिला के अलावा आटो ड्राइवर रवि, सलामत अली,अभय गुप्ता, उसकी खुशी गुप्ता और रामपाल ज़ख्मी हो गए थे,जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया था, जहां सुमिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति लज्जाराम, अभय गुप्ता व उसकी पत्नी खुशी गुप्ता को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया, जहां पत्नी सुमिला की मौत के करीब 7 घंटे बाद उसके पति की भी मौत हो गई। दंपति की मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



लज्जाराम की फाइल फोटो।

### महिला ने कीटनाशक का किया सेवन, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** महिला ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया, मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। सुरसा थाने के बील मजरा नेवादा निवासी संजय दिल्ली में निजी कंपनी में नौकरी करता था। होली पर गांव आया हुआ था। गुरुवार को वह गांव में होली मिलने गया था, घर में उसकी पत्नी शारदा (32) दोनों बेटों रेशू, ऋतिक और बेटी ऋतिका के साथ घर में थी। तीनों भाई-बहन बाहर खेलने चले गए। उसी बीच शारदा ने कीटनाशक दवाई पी ली। मेडिकल कॉलेज में कुछ देर इलाज के बीच उसकी मौत हो गई।





पोषण किट के साथ मरीज व क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### इनर व्हील क्लब ने बांटी पोषण किट

**हरदोई, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ऑफ हरदोई डीओडी द्वारा सेवा कार्यों के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए पांच टीबी (क्षय रोग) मरीजों को गोद लिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम में आयोजित कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पारुल तिवारी ने मरीजों को स्वास्थ्य किट वितरित की, जिसमें मूंगफली, चना, गुड़, सोयाबीन, सत्तू और प्रोटीन पाउडर जैसी पोषण सामग्री शामिल थी। क्लब द्वारा इन मरीजों को एक वर्ष तक प्रतिमाह पोषण सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके। इस सेवा परियोजना के लिए आर्थिक सहयोग वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद्र तिवारी ने दिया। कार्यक्रम में सीएचसी बिलग्राम के चिकित्सा अधिकारी, रागिनी तिवारी एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## होली प्रेम-भाईचारे व सौहार्द का पर्व : श्री प्रकाश

- विधायक ने कार्यकर्ताओं के गले मिल होली की दी शुभकामनाएं

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** गोपामऊ से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश के उनके पैतृक आवास, टड़ियावां के गांव भड़ायल स्थित फार्म हाउस पर होली मिलन समारोह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और विधायक पुत्र अभिजीत प्रकाश की ओर से आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक श्याम प्रकाश ने समारोह में शामिल हुए कार्यकर्ताओं के साथ एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामनाएं दी। भाजपा विधायक श्री प्रकाश ने कहा कि होली प्रेम-भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। जिसे सभी वर्गो को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर मनाना चाहिए। इस अवसर पर विधायक पौत्र व प्रमुख पुत्र जितिन प्रकाश,डॉ. अनुज गुप्ता, मनोज तिवारी, राजू मिश्रा, प्रदीप रावत, उत्तम अवस्थी (गौराडांडा) आदि क्षेत्रीय प्रधान, बीडीसी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। टड़ियावां के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश सिंह ने पैतृक गांव इटौली में होली मिलन समारोह रखा। इसमें भाजपा से सदर विधान सभा के प्रत्याशी रहे राजाबक्श सिंह शामिल हुए। पूर्व प्रमुख श्री सिंह ने होली मिलन समारोह में पहुंचे क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी। इस मौके पर डीसीबी के पूर्व डायरेक्टर अमरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. अभय प्रताप सिंह, अधिवक्ता हाईकोर्ट अखिल प्रताप सिंह, डॉ. विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में मौजूद विधायक श्याम प्रकाश व विधायक पुत्र अभिजीत प्रकाश।



होली मिलन समारोह में एक-दूसरे के गले मिलते लोग। अमृत विचार

### भाईचारे व सौहार्द के साथ मिले गले

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में आयोजित होली मिलन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने नगरवासियो से गले मिलकर और गुझिया खिलाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह में बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ एक दूसरे के गले मिले। शुक्रवार की शाम कस्बे के नझहाई चौराहे पर आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने एक-दूसरे गले मिलकर बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और आपसी मेलजोल को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी नगरवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

**भ्रष्टाचार** | ड्राइविंग लाइसेंस बनवाले के लिए मजबूर होकर लेना पड़ रहा दलालों का सहारा

## बिचौलियों की बल्ले-बल्ले, एटीडीसी फेल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ड्राइविंग लाइसेंस के लिए निजी हाथों में सौंपी गई बागड़ोर से बिचौलियों की बल्ले-बल्ले है। सरकार की मान्यता प्राप्त एडीटीसी (प्रत्यायन वाहन प्रशिक्षण केंद्र) पर आवेदकों को मायूस होकर बिचौलियों का सहारा लेना पड़ रहा है।

शहर से सटे ग्राम कंडहौना में संचालित राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त एडीटीसी प्रत्यायन वाहन प्रशिक्षण केंद्र के सेंसर युक्त ट्रैक सवालों के घेरे में है। अमृत विचार की टीम ने मौके पर पहुंच कर वहां नवीन लाइसेंस के लिए आवदेनकर्ता से बातचीत की। पड़ताल में चौंकाने वाली बातें सामने आई है।

एक आवेदक ने खबर में नाम छापने की शर्त पर बताया कि वह चौथी बार प्रशिक्षण देने आया है, लेकिन उसे जानबूझकर फेल कर दिया गया। उसने फेल करने की वजह एडीडीसी और एआरटीओ दफ्तर की सांठगांठ होना बताया है। आवेदक ने कहा कि पहले उसके भाई को 2 बार फेल किया गया। बताया कि प्रशिक्षण में पास होने का पूर्णांक 15 प्रतिशत है। उसे महज 10 प्रतिशत देकर फेल का दिया। ऐसे ही एक आवदेक ने बताया कि उसने नवीन लाइसेंस के लिए कई बार एडीटीएस में सेंसर युक्त ट्रैक पर प्रशिक्षण दिया, पर उसको फेल कर दिया जाता रहा है। आखिरकार उसने थक हारकर बिचौलियों को दस से 15 हजार में बगैर प्रशिक्षण के लाइसेंस बनवाई। इस संबंध में जब एआरओ को फोन किया गया तो कई प्रयासों के बाद भी उनका सीयूजी फोन रिसीब ही नहीं हुआ।





एआरटीओ कार्यालय।

### जीरो टॉलरेंस की उड़ रहीं धज्जियां

**हरदोई।** सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के उद्देश्य से लाइसेंस बनाने का कार्य निजी क्षेत्र को सौंप दिया है, लेकिन यहां पर सरकार का उद्देश्य पूरी तरह विफल हो रहा है। रात-दिन चौपहिया चलाने वाले भी जब नवीनीकरण के लिए टेस्ट देने के लिए जाते हैं, तब उनको फेल ही होना पड़ता है। इसके बाद टेस्टिंग केंद्र पर चल रहे सिस्टम से रूबरू होने के बाद ही उन्हें सफलता मिल पाती है। फिलहाल बिना बिचौलिए के आरटीओ ऑफिस में कोई काम करा पाना आज भी असंभव है।

### मस्जिद में खत्मे कुरआन मुकम्मल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला रफ़ैयत गंज स्थित वास्ती उवैसी मस्जिद में पवित्र रमजान के मुबारक महीने में खत्मे कुरआन शरीफ बड़े अकीदत और एहतराम के साथ मुकम्मल किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाजियों और अकीदतमंदों ने शिरकत कर दुआ में हिस्सा लिया। मस्जिद में तरावीह के दौरान हाफिज हाशिम मिस्बाही ने मुकम्मल तौर पर कुरआन शरीफ सुनाया। इसके अलावा नगर के काजीपुरा में स्थित मस्जिद बीवी लाहौरी में 15 वे रमज़ान पर तरावीह में क़ुरआन मुकम्मल हुआ। उपस्थिति लोगों ने हाफिज अयान व इमाम फैज़ आलम को गुलपोशी करके हाफिज आयान साहब को तोहफ़ा पेश किया।

## नौ महीने से नहीं मिला मानदेय, मनरेगा कर्मियों ने काली पट्टी बांध किया विरोध

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मनरेगा कर्मियों को नौ माह से मानदेय नहीं मिला। परेशान होकर हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज किया। ऐसे में आर्थिक संकटों से गुजरना पड़ रहा है, जबकि होली जैसे त्योहार पर मुख्यमंत्री के आदेश के वाबजूद भी मानदेय नहीं दिया गया।

शुक्रवार को मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मियों ने डीएम, सीडीओ, उपायुक्त श्रम व रोजगार को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। बताया कि जुलाई 2025 से मानदेय नहीं मिला व ईपीएफ भी लंबित होने से आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। 23 फ़रवरी को आयुक्त /रोजगार गारंटी को मानदेय के संबंध में अवगत कराया गया था। अगर जल्द ही समस्या का निस्तारण न हुआ तो सीएम को अवगत कराए गे। शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर कर मनरेगा कर्मियों ने विरोध दर्ज कर खण्ड विकास अधिकारी को अधिकारियों को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा और समस्या का निदान न होने मुख्यमंत्री को अवगत कराएगे। इस दौरान मुख्य रूप से नागेश कुमार सिंह, संदीप, सुधा, अंशू, धर्मेन्द्र सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मी। अमृत विचार



**रोजा**

**शिया**

**सहरी : 04.55 बजे**

**अफ्तार : 06.23 बजे**

**सुन्नी**

**सहरी : 05.02 बजे**

**अफ्तार : 06.13 बजे**

**न्यूज ब्रीफ**

## छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**साण्डा।** सकरन ब्लॉक के छात्रों ने लखनऊ के आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुंचकर शैक्षिक भ्रमण किया। सकरन के खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में कुल 147 बच्चों ने भाग लिया था, जिनमें से 100 छात्र-छात्राओं का चयन भ्रमण के लिए किया गया। छात्रों को बस द्वारा विज्ञान केंद्र ले जाया गया। इस दौरान एआरपी राजेश कुमार मिश्र, शिक्षक विनोद कुमार, अखिलेश यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, पूजा सरोज, प्रतीक्षा साहू, अंशू सिंह, रश्मी त्रिपाठी, प्रभाकर आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने मूक बधिर को परिजनों से मिलाया

**कमलापुर।** स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक मूक बधिर युवक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर मानवीय चेहरा पेश किया है। शुक्रवार को थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खरगापुर में एक अज्ञात युवक घूम रहा है जो बोलने में असमर्थ है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। छानबीन के बाद युवक की शिनाख्त संतराम (30) निवासी मधवापुर छिछाही, थाना संदना के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के भाई को बुलाकर उसे सकुशल सौंप दिया। अपनों को देख युवक के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। परिजनों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना की है। इस कार्य में उपनिरीक्षक उदय राज, कांस्टेबल सौरभ व प्रमोद कुमार का विशेष योगदान रहा।

## दुष्कर्म का आरोपी निकला बाल अपचारी

**सीतापुर।** पिसावां पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी हरदोई जनपद का अपचारी निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर हरदोई स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया है। एसओ वीरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, पिसावां क्षेत्र की एक 17 वर्षीय किशोरी दवा लेने गई थी। तभी ये घटना घटित हुई। बताया कि आरोपी को किशोर न्यायालय में पेश करने के बाद कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## किशोरी से दुष्कर्म युवक पर केस

**सीतापुर।** पिसावा थाना क्षेत्र में दवा लेने गई एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर हरदोई के एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों के मुताबिक, किशोरी बुधवार शाम हरदोई के पिहानी क्षेत्र में दवा लेने गई थी। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने रास्ते में एक गेहूं के खेत में युवक को किशोरी के साथ जबरदस्ती करते देखा, जो उन्हें देखकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपी की तलाश की जारी है।

## प्रेम और एकता का संदेश देता है होली पर्व

**लहरपुर।** ग्राम खैरुल्लापुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा विधायक अनिल वर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी प्रेम और एकता का संदेश देता है। समारोह के दौरान होलिकोत्सव समिति द्वारा 'अंधी दुल्हन' नाटक का मंचन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक में राकेश, गया प्रसाद मौर्य, बृजेश वर्मा, दिलीप भार्गव, सौरभ वर्मा, उमेश रंजन और अंशुल वर्मा ने विभिन्न पात्रों का जीवंत अभिनय किया। इस अवसर पर अपना दल (एस) के विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल ने भी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भागीरथ मौर्य, संतोष वर्मा, अनुज कुमार, राजेश वर्मा, अनिरुद्ध व सुरेंद्र प्रताप वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संसाधनों की कमीं तो कहीं राहत का इंतजार

**अमृत विचार पड़ताल**

## जिला अस्पताल में होली पर्व के बाद तेजी से बढ़े लीवर और पेट संक्रमण के मरीज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** होली पर्व के ठीक बाद जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं की भरमार दिखी। बड़ी संख्या में लीवर और पेट से जुड़े संक्रमण के मरीज आए, ऐसे में मरीजों को राहत लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

### पेट से जुड़े मरीजों की संख्या बढ़ी

ओपीडी में कमरा नंबर चार में चिकित्सक को दिखाने के लिए भीड़ थी। पूछने पर पता चला कि एक घंटे में 200 से अधिक मरीज लीवर, पित्त, पथरी सहित अन्य बीमारियों से जुड़े आए हैं। जो अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक थे।

### स्थान – जिला अस्पताल
### समय – 11:47 बजे।

जिला अस्पताल परिसर में परसेण्डी के भदियासी गांव से कलावती आईं थीं। इन्होंने बताया कि गले में सूजन है, डॉक्टर को दिखाने आई थीं, दो घंटे से इंतजार कर रहे हैं। पर्चा काउंटर पर शहर के नई बस्ती से आए अंशू मिले। पूछने पर बताया कि पर्चा बनवाने के लिए एक घंटे से खड़े हैं। पूछने पर बताया कि पहले देर तक लाइन में खड़े रहे। किसी ने बताया कि आभा ऑनलाइन से पर्चा बन जाता है, किसी तरह रजिस्ट्रेशन करवाया। तब जाकर राहत मिली।

- **बड़ी संख्या में मरीजों को नहीं मिली राहत, ईएनटी विशेषज्ञ दिखे नदारद**



कलावती



अंशू



पर्चा काउंटर पर जमा मरीज और तीमारदार। अमृत विचार

### शुगर और बुखार के मरीजों की लगी लाइनें

ओपीडी में जनरल फिजीशियन कक्ष के बाहर मरीजों की कतारें थीं। डॉ. एपी गौतम का कहना है कि त्योहार में खान-पान का परहेज नहीं हो पाता, इसलिए शुगर के मरीजों की संख्या अधिक थी। मौसम बदलाव के कारण बुखार के मरीज भी बढ़े हैं।

### हेपेटाइटिस के मरीज बढ़े

पेय पदार्थ और खाद्य पदार्थों के सेवन के बाद हुए संक्रमण से अन्य दिनों की अपेक्षा हेपेटाइटिस के मरीज अधिक संख्या में अपना उपचार कराने आए, डॉ. एस. बाजपेई ने बताया कि हेपेटाइटिस सी के मरीज बढ़े हैं। लीवर से जुड़ी समस्याओं के कारण दिन में 35 के करीब मरीजों को देखा गया।

> त्योहार के कारण बुखार और हादसों से जुड़े मरीज बढ़े हैं, इसके लिए अतिरिक्त बेडों की व्यवस्था की गई थी। कुछ तकनीकी कारणों से ऑनलाइन पर्चा रजिस्ट्रेशन में दिक्कतें रही है, बाकी बेहतर सुविधाएं दिए जाने का प्रयास जारी है। –डॉ. इन्द्र सिंह



संतोष को गोद में उठाकर ले जाते परिजन।

### व्हील चेयर नहीं मिली तो गोद में उठाया

लहरपुर से संतोष अपने परिवार के साथ आए थे। इनके दोनों पैरों में गंभीर चोटे थीं। खड़े न हो पाने के कारण तीमारदारों ने देर तक व्हील चेयर को लेकर गुहार लगाई, न मिलने पर पैथालॉजी से ओपीडी कक्ष तक गोद में लेकर जाते दिखे।

## ओटी मौजूद नहीं फिर भी कर दिया ऑपरेशन, मौत

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** रेउसा स्थित उजाला जनता सेवा अस्पताल में प्रसूता प्रीती (20) की मौत के मामले में सरकारी जांच रिपोर्ट ने अस्पताल प्रशासन की गंभीर कमियों को उजागर किया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई जांच में सामने आया कि अस्पताल के पास ओपीडी और आईपीडी का पंजीकरण तो था, लेकिन उसे ऑपरेशन थियेटर संचालन की अनुमति नहीं थी। जांच रिपोर्ट के अनुसार, थानगांव के इसरौली राजापुर निवासी प्रसूता प्रीति पत्नी विपिन को हालत बिगड़ने पर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभिलेखों से स्पष्ट हुआ कि महिला की स्थिति गंभीर होने के बावजूद उसे छह घंटे की देरी से रेफर किया गया, जो उसकी मौत का मुख्य कारण बना। चौंकाने वाली बात यह है कि अस्पताल के कागजों में दर्ज डॉ. मोहम्मद हसन शकील ने लिखित बयान दिया है कि वह इस अस्पताल में कार्यरत ही नहीं हैं और न ही उन्होंने प्रसूता का इलाज किया। जांच में यह भी पाया गया कि घटना के समय अस्पताल के सीसीटीवी बंद थे। जबकि जांच रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया है कि अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण ही प्रसूता की जान गई है। सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार का कहना है कि अस्पताल संचालक आदि पर विधिक और विभागीय दोनों कार्रवाई की जाएंगी।

# पेट्रोल-डीजल भंडारण के लिए न दें: डीएम

संवाददाता, महमूदाबाद।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को ईंधन के भंडारण को लेकर सख्त निर्देश दिए और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर के विभिन्न पटलों, न्यायालयों और कार्यालयों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी किसान को 150 लीटर से अधिक पेट्रोल या डीजल भंडारण के लिए न दिया जाए। यदि जांच के दौरान इससे अधिक मात्रा पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रकों को टैंक में 200 लीटर से अधिक ईंधन न दिया जाए और कोई भी व्यक्ति बार-बार ईंधन लेकर नियमों का उल्लंघन न करे। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सबसे पहले तहसीलदार कक्ष पहुंचे। इसके बाद उन्होंने नायब तहसीलदार महमूदाबाद, नायब तहसीलदार पहला, नायब तहसीलदार रामपुर मथुरा के न्यायालयों, रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय और आपूर्ति विभाग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम बीके सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार राम सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

## 15 हजार का इनामी 'केकड़ा' गिरफ्तार

**संवाददात, महोली। अमृत विचार :** अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान में महोली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश शिवम सिंह ठाकुर उर्फ 'केकड़ा' को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पाण्डेय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी 'कुरुयात केकड़ा गैंग' का सरगना है और लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने शुक्रवार को घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी मूल रूप से आजमगढ़ का निवासी है, जो वर्तमान में महोली के भट्टा कस्बे में रह रहा था। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

# हादसों में दो की मौत, नहर में गिरा ट्रक

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चौबीस घंटों के भीतर हुए सड़क व रेल हादसों में दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक अन्य घटना में ट्रक पलटने से बड़ा हादसा टल गया। पहली घटना सिधौली थाना क्षेत्र के देवीपुर निवासी देशराज (40) पुत्र तेज बहादुर की गुरुवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह सीतापुर-लखनऊ रेल खंड पर पटरी पार कर रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना खैराबाद थाना क्षेत्र में अज्ञात डाला की टक्कर से बाइक सवार प्रदीप (30) की मौके पर ही मौत हो गई।



नहर में पलटा ट्रक। अमृत विचार

**हादसा**

प्रदीप अपनी ससुराल सरिया सानी जा रहा था। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

तीसरी घटना लहरपुर-सीतापुर मार्ग पर शुक्रवार सुबह सीमेंट से भरा एक अनियंत्रित ट्रक ग्राम नेवादा के पास माइनर नहर में जा गिरा। ड्राइवर को झपकी आने और पुलिया संकरी होने के कारण यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि ड्राइवर व खलासी ने कूदकर जान बचाई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस बल भेजकर जांच की जा रही है।




धरना स्थल पर बैठे भाकपा के कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार। अमृत विचार

## दलित उत्पीड़न पर ग्रामीण मुखर, प्रदर्शन

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बंड़िया गांव में दलित परिवार के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने से आक्रोशित भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित शिवसेवक व रिंकू ने बताया कि 14 फरवरी को दबंगों ने उनके साथ गालियां देते हुए मारपीट की थी। थाने में शिकायत के बाद विपक्षी और उग्र हो गए और घर लौटते समय दोबारा हमला किया। आरोप है कि घटना के 20 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। धरने पर बैठे ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस दौरान शुभम सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पीड़ित परिवार मौजूद रहा।

## सब्बल लहराकर बाइक चलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**सीतापुर।** सोशल मीडिया पर बुलेट मोटरसाइकिल पर सब्बल लेकर प्रदर्शन करने वाले दो युवकों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बताते हैं कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था, जिसमें दो युवक बुलेट पर सवार होकर हाथ में लोहे का सब्बल लिए सार्वजनिक मार्ग से जा रहे थे। वीडियो का संज्ञान लेते हुए कोतवाली नगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और दोनों युवकों की पहचान की। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शोएब अहमद (25) पुत्र इसरार अहमद और मोहम्मद सलमान (23) पुत्र अनवार अहमद, निवासी मोहल्ला सदर बाजार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की है।

# रमजान मोमिनों के लिए बेशकीमती तोहफा: मौलाना एखलाक

संवाददाता, बिसवां।

**अमृत विचार :** रमजान के मुकद्दस महीने में पढ़ी जाने वाली तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। मोहल्ला महाराजागंज स्थित मस्जिद-ए-अली में कुरान पाक की तकमील के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मशहूर आलिम-ए-दीन मौलाना मोहम्मद एखलाक कासमी ने कहा कि रमजान अल्लाह की तरफ से मोमिनों के लिए बेशकीमती तोहफा है, जिसमें नेकियों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

कार्यक्रम के अंत में दुआ की गई। इस अवसर पर मास्टर नदीम सिद्दीकी, पप्पू खां, अनवर बिसवानी, मोहम्मद आरिफ, रिजवान अंसारी, अर्श अनवर सिद्दीकी, मास्टर गुलरैज, नियाज खां, मोहम्मद आमिर, एखलाक अंसारी आदि मौजूद रहे।



संबोधित करते मौलाना मो.एखलाक कासमी।

## बस सीज होने पर भड़के श्रद्धालु, लगाया जाम

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर जयगुरुदेव के श्रद्धालुओं से भरी एक बस को यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) द्वारा सीज किए जाने पर जमकर हंगामा हुआ। बस मथुरा से श्रावस्ती जा रही थी। कार्रवाई के विरोध में श्रद्धालुओं ने फायर स्टेशन के सामने सड़क जाम कर दी, जिससे यातायात ठप हो गया।

श्रद्धालुओं का कहना था कि बस मालिक ने इसे केवल डीजल के खर्च पर उपलब्ध कराया था और उनके पास वापसी के लिए अतिरिक्त पैसे नहीं हैं। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विजयेन्द्र सिंह और नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह ने नाराज यात्रियों को समझाने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही बस का जुर्माना भरवाने के बाद यात्रियों को उसी बस से गंतव्य की ओर रवाना किया गया, तब जाकर जाम खुला।

## सुयश द्विवेदी ने यूपीएससी में पाई 94वीं रैंक, पांचवें प्रयास में मिली सफलता

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार।** शहर के लखपेड़ाबाग निवासी सुयश द्विवेदी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 94वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। वह वर्तमान में असम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर तैनात हैं। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में यह सफलता हासिल की है। सुयश द्विवेदी शहर के लखपेड़ाबाग निवासी शिक्षक कौशलेंद्र नाथ द्विवेदी के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले सुयश ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम, लगन और धैर्य के दम पर बड़े लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। परिजनों के ने बताया कि सुयश बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी थे और प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना देखते थे। परिवार ने उनकी पढ़ाई में पूरा सहयोग दिया और उन्होंने भी लगातार मेहनत करते हुए अंततः यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में शानदार रैंक प्राप्त की। परिणाम घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मोहल्ले के लोग, रिश्तेदार और परिचित मिठाई खिलाकर परिवार को बधाई दे रहे हैं।





लाइव प्रसारण देखते विभागीय अधिकारी और कर्मी। अमृत विचार

## बजट वेबीनार का हुआ लाइव प्रसारण

**महोली।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन थीम पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्ट बजट वेबीनार का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और उनके द्वारा बताए गए सुझावों को अमल में लाने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्य रूप से एडीओ कृषि हरिओम शुक्ला, एडीओ प्लांट प्रोटेक्शन गोपी कृष्ण मिश्रा, तकनीकी सहायक चंद्र मोहन दीक्षित, राजेंद्र प्रसाद और राजकीय बीज भंडार के स्टोर इंचार्ज अंकित कुमार वर्मा मौजूद रहे।

## दो युवकों के लटके मिले शव

**सीतापुर / इमलिया सुल्तानपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों द्वारा आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहली घटना इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव की है। यहां पंकज (35) पुत्र हरिश्चन्द्र का शव दहेलिया गांव के पास एक बाग में पेड़ से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि पंकज शराब का आदी था और उसने अपनी जायदाद भी बेच दी थी। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने यह कदम उठाया। वह अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है। वहीं पुलिस स्थितियों की जांच कर रही है। उधर, शहर कोतवाली क्षेत्र के लोनियन पुरवा मोहल्ले के राहुल(20) का शव उसी के घर में साड़ी से लटका मिला। बताते हैं कि राहुल का विवाह एक महीने पहले ही हुआ था। कोतवाल अनूप शुक्ला का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।



होली मिलन के दौरान उपस्थित साधु-संत व अन्य। अमृत विचार

## टांडा खुर्द में हर्षोल्लास के साथ मना होली मिलन

**संवाददता, लहरपुर। अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम टांडा खुर्द स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव मन्दिर में शुक्रवार को भव्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक शरद बाजपेई ने सभी आगंतुकों को अबीर-गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अखंड हिंदू वाहिनी के संस्थापक रुद्र त्रिपाठी 'वीरू' ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए 'एक रहें और संगठित रहें' का मूल मंत्र दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह-संयोजक सीनू मिश्रा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर संगठित रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राम नारायण शास्त्री, श्रवण मिश्रा, कपिल अवस्थी, राम जी अवस्थी, प्रधान राधे श्याम, शिवम मिश्रा, चमन, हर्षित, राम मोहन और दिनेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सही हुआ मोटर तो घर-घर पहुंची जलधारा

संवाददाता सीतापुर,

**अमृत विचार:** डीएम डॉ. राजा गणपति आर. का आदेश होली पर्व में कई सैकड़ा परिवार के लिए संजीवनी लेकर आया। खराब ट्यूबवेल को दुरुस्त कराकर जल जीवन मिशन शक्ति योजना के तहत घर-घर जल पहुंचाने का कार्य भी किया गया।

दरअसल, परसेण्डी विकास खण्ड क्षेत्र के बिरैचा और सूरेपारा गांव में जल-जीवन मिशन योजना के तहत पहुंची पानी की सप्लाई में आई बाधा और पर्व में आमजन को हो रही समस्या को मुद्दे के रूप में अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया। जनहित मुद्दे को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने संज्ञान लेकर तत्काल विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बिरैचा और सूरेपारा में दी जाने वाली वाटर सप्लाई के पंप हाउस का मोटर खराब हो गया था। कुछ और तकनीकी दिक्कतें थीं, जिन्हें टीम भेजकर दुरुस्त करा दिया गया है। घर-घर सप्लाई पहुंच रही है।



डीएम के निर्देश पर पंप हाउस पर मोटर को दुरुस्त करती टीम।

**अमृत विचार IMPACT** डीएम के निर्देश पर पहुंची टीम




अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### ग्रामीणों ने जताया अमृत विचार का आभार

ग्रामीण सियाराम, बंगाली, जगदीश, अमित, अखिलेश, बबलू, गोवर्धन आदि ने बताया कि त्योहार के पहले तक मोटर खराब था, जिसकी शिकायत की थी, लेकिन विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया। खबर छपने के बाद पूरी टीम ने आकर समस्या का समाधान निकाला है।

## किसका था, वैक्सीन कैरियर, हो रही जांच



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

पेड़ पर वैक्सीन कैरियर लटककार नदारद हुए स्वास्थ्य कर्मी की खोजबीन की जा रही है। इस खबर को भी डीएम ने संज्ञान लेकर सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार को जांच के निर्देश दिए हैं।

## प्लॉट में खड़ी कार चोरी

**सीतापुर।** तरीनपुर गुप्ता कॉलोनी में देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में खड़ी करीब 15 गाड़ियों के बोनट खोलकर चोरों ने उनकी बैटरियां पार कर दीं। इतना ही नहीं, शातिर चोर मौके से एक स्टीम कार भी चोरी कर ले गए। घटना का पता गुरुवार सुबह तब चला जब वाहन मालिक अनूप त्रिपाठी, अरविंद, अभिलाष और अशोक अपनी गाड़ियों के पास पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में चोर कार ले जाते हुए कैद मिले हैं।

## कहीं चौपाल में सुनी समस्या तो कहीं खेती पर चर्चा

**सीतापुर।** विभिन्न ब्लॉकों में कार्यक्रमों का आयोजन कर विकास योजनाओं और जन समस्याओं पर चर्चा की गई। पिसावां ब्लॉक सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली जुड़कर प्राकृतिक खेती, पशुपालन और आधुनिक तकनीक पर जोर दिया। इस दौरान एडीओ जावेद अख्तर, बीटीएम देवेश मिश्रा समेत अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। उधर, रामपुर मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत चिखड़ी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। सचिव चंद्र प्रकाश यादव की मौजूदगी में ग्रामीणों ने आवास, शौचालय और जर्जर रास्तों की शिकायतें दर्ज कराईं।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

मृगांक मोहन अग्निहोत्री

(मुख्य समन्वयक श्री सत्यनारायण धाम)

नैमिषारण्य ,सीतापुर



## न्यूज ब्रीफ

### पति पर प्रताड़ना और मारपीट का आरोप

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे अमेठियन मजरे शहरी गांव निवासी राजवती ने शुक्रवार को जगतपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि वह आठ बच्चों की मां है। आरोप है कि उसका पति गांव की ही एक महिला के साथ मिलकर आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### होली मेला 9 को

**लालगंज, रायबरेली।** बहाई गांव स्थित श्री वीर बैदानों बाबा होली मेला 9 मार्च को लगाया जाएगा। मेला के प्रबंधक एडवोकेट देवेश शुक्ला ने बताया कि श्री वीर बैदानो बाबा मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं आते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। बताया मेले में फाग गायन का भी आयोजन है। इसमें कई गांव की फगुवारों की टीमें शामिल होंगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां, रायबरेली।** बांदा-बहराइच राजमार्ग पर तिलेंडा के मुख्य चौराहे के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। बाइक सवार विकास कुमार बछरावां से तिलेंडा की ओर जा रहा था। तिलेंडा गांव के मुख्य चौराहे के निकट शिवगढ़ से बछरावां की तरफ जा रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद कार सवार फरार हो गया। सीएचसी बछरावां में चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## होली खेलने को लेकर हुए बवाल में 11 को भेजा जेल

### किन्नर समुदाय के घर होली खेलने के दौरान हुआ था घमासान

संवाददाता बछरावां, रायबरेली



बछरावां पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में किन्नर समुदाय के साथ होली खेलने के दौरान हुई घटना को लेकर लोगों में नाराजगी है। जिसको देखते हुए मामले में पुलिस ने ताबड़तोड़ गिरफ्तारी कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक होली पर किन्नर समुदाय की गौरी पांडेय के घर पर होली खेली जा रहे थी जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ युवक भी होली खेल रहे थे। इसी को लेकर अल्पसंख्यकों द्वारा अपने लड़कों को होली खेलने से मना करने पर विवाद हो गया जो मारपीट में बदल गया। बताते हैं कि अल्पसंख्यकों द्वारा चलाए गए ईंट पत्थर से कई लोग घायल हो गए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की जानकरी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा व सीओ प्रदीप कुमार ने पहुंचकर मामले को संभालते हुए गंभीर रूप से घायल लोगो को सीएचसी पहुचाया जहां पर दो लोगो को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जेल जाने वालों में इदरीश, साहिल, आमिर, मोहम्मद आरिफ, अकबर, सुहैल, राबिया बानो, सानिया, आलिया, आफिया और आशिया निवासीगण वार्ड नंबर दो कस्बा बछरावां शामिल हैं। उधर, घटना के बाद दूसरे दिन भी इलाके में तनाव और लोगों की नाराजगी अभी भी साफ महसूस की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल एहतियात के तौर पर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## कल आयोजित होगा पिंक रोजगार महाकुंभ

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव ने बताया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा 8 मार्च को पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी महिन्द्रा फाइनेन्स होरो क. ओमाजोन, जिओ, फिलिपकार्ड के एफ सी इत्यादि प्रतिभाग किया जाना है। जिसमे न्यूनतम हाईस्कूल पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

## युद्धस्तर पर कराएं विकास कार्य: ब्लॉक प्रमुख




क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लॉक प्रमुख का स्वागत करते खंड विकास अधिकारी।

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की बैठक ब्लॉक प्रमुख शिवानी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने गत वित्तीय वर्ष के कराए गए कार्यों का लेखा-जोखा रखा और वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना के लिए सदस्यों से प्रस्ताव भी लिए गए। उल्लेखनीय है कि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह के कार्यकाल में लालगंज विकासखंड में दो करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं। लगभग तीन दर्जन क्षेत्र पंचायत स्थानों पर विकास कार्य हुए हैं। क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों से अधिकांश सदस्य संतुष्ट रहे। वहीं विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएं। आगामी वित्तीय वर्ष में जहां पर काम छूटे हैं, वह भी पूरे कराए जाएंगे। ब्लॉक प्रमुख शिवानी सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सम्मान के साथ-साथ विकास कार्य कराना ही उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर राजीव ओझा, प्रदीप मिश्रा, प्रणवीर प्रताप सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ लिपिक निर्मल कुमार अवस्थी सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइकों में आमने-सामने हुई टक्कर से दो की मौत

रफ्तार की मार

अटौरा, रायबरेली

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के लालगंज-रायबरेली मार्ग पर स्थित बदई का पुरवा पेट्रोल पम्प के सामने शुक्रवार की शाम दो बाईकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों बाइख सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 6.30 बजे बदई का पुरवा पेट्रोल पम्प के सामने बाइक से रहे राकेश कुमार पुत्र वीरपाल सिंह निवासी रणगाँव थाना कोतवाली लालगंज और मान बहादुर पुत्र वंश बहादुर निवासी पूरे कछवाहन थाना गुरुबक्शगंज की बाइक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। आस-पास मौजूद लोगों ने एम्बूलेंश से दोनों घायलों को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद मौके पर लोग जुट गये।

## प्रशिक्षण महाअभियान आज से



बैठक में शामिल भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा मंडल स्तर पर प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा। सरेनी मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने बताया कि उनके मंडल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 7 व 8 मार्च से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक कर यह योजना बनाई गई है। प्रशिक्षण सरेनी लखनापुर के सरस्वती बाल विद्या मंदिर में होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने बताया कि कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अनूप पांडे, अजय तिवारी, रिंकू सिंह, विनय त्रिपाठी, बलबीर सिंह, प्रभात साहू, पुतानी साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## बच्चे को आग में धकेला, दोनों हाथ झुलसे

संवाददाता जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के झरहा गांव निवासी संगीता पत्नी दिनेश ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक उनके 10 वर्षीय पुत्र दुर्गेश कुमार को अपने मुर्गी फार्म पर मछली कटवाने के बहाने ले गया था। आरोप है कि वहां युवक नशे की हालत में था और उसने बालक को जल रही आग में धकेल दिया, जिससे उसके दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में बालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा ले गए, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। सीएचसी गौरा के अधीक्षक ज्ञान प्रताप सिसौदिया ने बताया कि एक बालक दोनों हाथों से जला हुआ अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जिसका उपचार किया गया है।जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## रालपुर गांव में भंडारा आज

**सरेनी, रायबरेली।** आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान की ओर से क्षेत्र के उत्तर वाहिनी गंगा तट गांव रालपुर में सात मार्च को आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की पुण्य तिथि पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रबंधक व सचिव डॉ. अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने दी।

## कुम्हार के बेटे ने यूपीएससी में लहराया परचम, दी बधाई



विमल कुमार। अमृत विचार

**सतांव, रायबरेली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन द्वारा जारी सिविल सेवा परीक्षा के फाइनल परिणाम में जनपद के खीरो ब्लॉक के चांदेमऊ गांव निवासी विमल कुमार ने शानदार ऑल इंडिया 107वीं रैंक प्राप्त की है। इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विमल कुमार ने बताया कि उनके पिता रामदेव प्रजापति मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करके किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते है। घर की माली हालत ठीक नही होने के कारण वह बचपन से ही कड़ी मेहनत करके अपने परिवार को गरीबी के दलदल से निकालने की ठान चुके थे। विमल ने बताया कि यह सफलता उन्हें पांचवें प्रयास में प्राप्त हुई है। इसके पहले भी एक बार साक्षात्कार तक पहुंचकर सफलता नही प्राप्त कर पाये थे लेकिन हार नही मानी और लगातार मेहनत से पढ़ाई करते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि विमल की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## सर्पदंश से किशोरी की हालत गंभीर

**शिवगढ़, रायबरेली।** खेत में चर रही नीलगाय को भगाने गई किशोरी को सर्प ने डस लिया। जिसकी हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे नरायनपुर की है। किशोरी के पिता जगदीश ने बताया कि उनकी बेटी निशा (13) शुक्रवार को सायंकाल खेत गई थी, जहां खेत में चल रही नीलगाय को भगाते समय सर्प ने उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां से किशोरी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## श्रीकृष्ण व राधा की निकाली शोभायात्रा

शिवगढ़, रायबरेली



कंधे पर पालकी घुमाते एमएलसी प्रतिनिधि व जिपं सदस्य विनय वर्मा व अन्य।

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के बैंती में होली के तीसरे दिन धूमधाम से होलिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान शिव मन्दिर में मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण-राधा जी की पालकी निकालकर घर-घर घुमाई गई। भगवान की प्रतीक्षा में श्रद्धालु रात्रि 11 बजे तक पलके बिछाए बैठे रहे। शोभायात्रा में सजी झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जिसमें काजल शर्मा ने भारत माता, आर्या सिंह ने श्रीकृष्ण, अद्रिका मिश्रा ने राधा, प्रियांशी गुप्ता ने राम, स्नेहा शर्मा ने सीता, धीरज सिंह ने लक्ष्मण, रिद्धि शर्मा, अग्रिमा ने शखी व आर्यन, सौरभ, नैतिक और प्रतीक ने फौजियों का अभिनय कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। साथ ही करीब एक दर्जन टोलियां एवं धवांरी मण्डलियों ने घर-घर जाकर फाल्गुन गीत गाकर लोगों को एकता और भाईचारा का संदेश दिया। इस दौरान डीजे की धुन पर होली गीत पर युवा जमकर झूमते नजर आए। इस मौके पर विनय वर्मा, रामू वर्मा, सौरभ वर्मा, विपिन वर्मा, जय नारायण यादव, अरुण मिश्रा, डॉ. शरद मिश्रा, कमल किशोर रावत, जयशंकर मिश्रा, जानकीशरण जायसवाल, ओम प्रकाश अवस्थी, शिवराज रावत, आशीष त्रिवेदी, जामवन्त सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बछरावां, रायबरेली।** लखनऊ से रायबरेली जाते समय भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी का प्रसिद्ध पीपलेश्वर चुरूवा हनुमान मंदिर के पास पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने हनुमान मंदिर में माथा टेककर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा बछरावां मंडल अध्यक्ष शिवम मिश्रा, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रायबरेली निखिल पांडे, लकी शुक्ला, पुंडरीक त्रिवेदी सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समारोह में रात भर गूंजे होली के गीत



होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**सलोन, रायबरेली।** नगर के मुख्य चौराहे पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी रहे। समारोह में देर रात होली गीतों की दौर चलता रहा। कस्बे के गनपत गली के समीप खाद व्यवसाई तरुण रस्तोगी, सुनील अग्रहरि द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। समारोह में मौजूद लोगों ने एक दूसरे को रंग, अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। चेयरमैन ने कहा कि रंगों के त्योहार में भाईचारे, सौहार्द पूर्ण ढंग से खुशियों सहित मनाने का सौभाग्य हमें भी यहां पर मिला है। इस मौके पर सर्वेश रस्तोगी, विपिन कौशल, अनूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## एम्स में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

संवाददाता, रायबरेली



मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं डॉ. अनन्या सोनी व डॉ. अरिजीत जोतदार।

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में विश्व श्रवण दिवस पर नाक कान गला विभाग की ओर से एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एसजीपीजीआई लखनऊ के वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर ने बच्चो में श्रवण हानि एवं कॉक्लियर इम्प्लांट की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रवण हानि की शीघ्र पहचान एवं समय पर कॉक्लियर इम्प्लांट से बच्चों को सामान्य जीवन की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनन्या सोनी ने नवजात एवं बच्चों की नियमित श्रवण जांच की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समय पर हस्ताक्षेप से बेहतर उपचार परिणाम संभव हैं।

डॉ. अरिजीत जोतदार विशेष सतत् चिकित्सकीय शिक्षा पर आयोजित कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यो पर चर्चा किया। डॉ. प्रगति गर्ग ने अपने विचार साझा करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के चिकित्सकों, रेजिडेंट्स एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## विषाक्त खाने से महिला की मौत

**लालगंज, रायबरेली।** विषाक्त पदार्थ खाने से विवाहिता की हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि महाखेड़ा गांव निवासिनी पूजा (22) पत्नी ललित साहू को गंभीर दशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसने विषाक्त पदार्थ खाया था। हालत खराब होने के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## घरेलू विवाद में अधेड़ ने किया आत्महत्या का प्रयास

घटना

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि समय रहते परिजनों और ग्रामीणों की सतर्कता से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार रायपुर गांव निवासी एक अधेड़ का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद वह घर से निकलकर खेत की ओर चला गया और वहां एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास करने लगा। इसी बीच पत्नी और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हो गई। ग्रामीणों और परिजनों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे फंदे से नीचे उतार लिया। घटना के बाद अधेड़ की हालत बिगड़ गई, जिस पर उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर में भर्ती कराया गया। सीएचसी जगतपुर के चिकित्सक डॉ. लईक अहमद ने बताया कि आत्महत्या का प्रयास करने वाले एक अधेड़ को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया।

## ओनई गांव में धूमधाम से हुआ होलिका दहन

**सतांव, रायबरेली।** प्राचीन समय में ओनई स्टेट के नाम से विख्यात ओनई गांव में इस वर्ष भी होलिका दहन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। पुरोहित द्वारा नियत समय पर होलिका दहन के उपरान्त बाहरी आगन्तुओं, प्रशासन के कर्मचारियों और ग्रामीणों को जलपान कराया गया। होलिका दहन स्थल को फूल-मालाओं और रंगोलियों से अमीर-गुलाल से सजाया गया था। इस दौरान फाग गायन का भी आयोजन किया गया। वहीं दूसरी तरफ डीजे की धुन पर थिरकते युवाओं को देखकर गुरुबक्शगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह भावुक हो गए। कहा कि प्राचीनता और आधुनिकता का ऐसा संगम उन्होंने इससे पहले कहीं नही देखा। ओनई गांव के इस अनूठे होलिका दहन कार्यक्रम में करन सिंह, बच्चा मौर्या, ललित गुप्ता, अनूप, पंकज सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित

**रायबरेली, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अंजूलता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2026 हेतु आयोग के मानक के अन्तर्गत समस्त विकास खण्डों एवं जनपद मुख्यालय में मानक मद नामांकन, पूर्वाभ्यास/मतगणना व्यवस्था में टेन्टेज, बैरीकेडिंग, कुर्सी पेयजल एवं लाईट, साउंड आदि व्यवस्था कराने हेतु जेम पोर्टल पर जेम बिड 28 फरवरी को प्रकाशित कर दी गई है। बिड बंद होने की तिथि 10 मार्च तथा बिड खुलने की तिथि 10 मार्च को समय अपरान्ह 13रू30 बजे है तथा उपरोक्त व्यवस्थाओं की कुल अनुमानित लागत 40 लाख 25 हजार है। इच्छुक फर्मे/संस्था जेम पोर्टल पर आमंत्रित उपरोक्त जेम निविदा में भाग ले सकते हैं।

## मोक्ष और साधन का सर्वोच्च द्वार है मानव तन : राघव किशोर

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** महराजगंज क्षेत्र के कड़रिया मजरे बारी गोहन्ना गांव स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस इटावा के राघव किशोर रामायणी ने बताया कि पृथ्वी पर मानव योनि में जन्म लेना बड़े भाग्य की बात है। मानव जीवन पाकर भी अगर इसका सदुपयोग न किया तो जीवन व्यर्थ है। मानव जीवन अपने में सबसे श्रेष्ठ है। "बड़े भाग मानुष तन पावा" गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस में बताया कि यह मानव शरीर बहुत भाग्य से मिलता है और यह देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। यह शरीर मोक्ष और साधन का सर्वोच्च द्वार है, जिसे पाकर व्यक्ति को परलोक सुधारने के लिए प्रयास करना चाहिए।

भिंड मुरैना मध्य प्रदेश से आए सुरेंद्र कुमार की रामायणी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस के बालकाण्ड में तुलसीदास जी कहते हैं कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म का ह्रास होता है और अहंकारी राक्षसी प्रवृत्तियां बढ़ती हैं, तब-तब भगवान अवतार लेकर दुष्टों का नाश करते हैं और सज्जनों की रक्षा करते हैं। अयोध्या धाम से आए श्री विद्या भूषण शास्त्री ने अपनी कथा में बताया कि पृथ्वी पर जन्म लेकर मनुष्य को कर्म का अवसर प्राप्त होता है।

## राजमार्ग के चौड़ीकरण को लेकर प्रदर्शन

आक्रोश

शिवगढ़, रायबरेली




पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बांदा-बहराइच राजमार्ग चौड़ीकरण को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे जामकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह के समझाने पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने के बाद जाम खुला। शुक्रवार को भारी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण भवानीगढ़ चौराहे पर पहुंच गए ग्रामीणों ने 5 मिनट के लिए बांदा-बहराइच हाईवे को जांम कर दिया इसकी जानकारी जैसे ही पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह व भाजपा के मण्डल अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी को मिली मौके पर पहुंच गए उन लोगों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर इस मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर बातचीत की जाएगी, तब कहीं जाकर आक्रोशित ग्रामीण माने आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह को सौंप कर जल्द मार्ग के चौड़ीकरण करण कराये जाने की मांग की है। आक्रोशित ग्रामीणों में प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, दिलीप सिंह, पिंटू, नूर आलम, राजेश, सुनील कुमार, चंद्रिका प्रकाश पांडेय, उत्कर्ष, सत्यम, अशोक कुमार पांडेय, शिवकुमार, रामसुख, रणविजय सिंह, शशी सिंह भदौरिया सैकड़ों लोगों का कहना है कि रायबरेली-बाराबंकी के कुम्भी बॉर्डर से लेकर बछरावां तक 19 किलोमीटर में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अब-तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द इस मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रांतीय लोग निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह ने बताया कि यह हाईवे कार्य योजना में प्रस्तावित है। बजट आने पर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि पता चला था कि आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे को जाम कर दिया है वहां पर पहुंचे उन लोगों से बातचीत की उनका ज्ञापन लिया मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिसको लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर बात कि जायेगी।

## कबीरादान बाबा का ऐतिहासिक मेला 11 को

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के कबिरादान मजरे बैंती स्थित प्राचीनकालीन बाबा कबिरादान के मन्दिर में गत वर्षो की भांति शीतलाष्टमी यानी होली के आठव को एक दिवसीय ऐतिहासिक मेले के साथ ही 3 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर कबीरादान बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, सचिव कमल किशोर रावत के नेतृत्व में कबीरादान बाबा सेवा समिति ने मन्दिर में होने वाले तीन दिवसीय धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रचार वाहनों के साथ ग्राम पंचायत बैंती तथा आस-पास के गांवों में प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है और सभी से मेले एवं विशाल भण्डारे में आने की अपील कर रहे हैं। कबीरादान बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि 9 मार्च को मंत्रोच्चारण के साथ श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारम्भ होगा, 10 मार्च को जिसके समापन पर मेले का भव्य आयोजन आयोजन किया जाएगा। वहीं 11 मार्च को कबीरदान बाबा के मन्दिर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम को विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कबीरादान बाबा सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया जायेगा। इस मौके पर रामविलास, शिवराज रावत, रजत श्रीवास्तव, सुमित यादव, देव शंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

## शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता-इन्हौना मार्ग पर हादसा

संवाददाता सिंहपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता इंहौना मार्ग पर नैया नाले के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति चोटिल हो गया। थाना क्षेत्र के रतवलिया गांव निवासी अंशू राज ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम उनके पिता रामानंद माता चंद्रा वती के साथ साइकिल से सेमरौता गए थे वापस आते समय गांव के पहले नैया नाले के निकट एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग खंती मे जा गिरे। एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी सिंहपुर लें गए जहाँ से माँ चंद्र वती की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिलाध्यक्ष अस्पताल रेफर किया था। किन्तु हम लोग बीएचईएल के निजी अस्पताल लें गए थे जहाँ शुक्रवार की सुबह माता चंद्रा वती 54 वर्ष की मौत हो गई। वहीं पिता रामानंद को भी चोट आयी हैं जिनका भी उपचार चल रहा हैं। एसओ दया शंकर मिश्रा ने बताया शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेजा गया हैं। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली हैं।


चंद्रावती।

**कुत्ते से टकराई बाइक, एक की हालत गंभीरः तिलोईः** बीती रात सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक हुआ गंभीर रूप से घायल लखनऊ में ईलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रमई निवासी सत्यम प्रजापति पुत्र नान बच्चा प्रजापति उम्र 19 वर्ष जो गुरुवार की शाम करीब 9 बजे अपनी मोटरसाइकिल से मामा और भांजे किसी रिश्तेदारी से वापस अपने घर आ रहे थे जैसे ही रायबरेली अयोध्या नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम पूरे लश्करी मजरे ओनडीह के पास पहुंचे की अचानक बाईक कुत्ते से टक्टरा गई। जिससे भांजा सत्यम सहित पीछे बैठे मामा गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से जिला रेफरल अस्पताल लोधवारिया लाया गया। जहां सत्यम की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने रेफर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायल सत्यम प्रजापति तथा पिता नान बच्चा प्रजापति मटरेवा चौराहे पर होटल चलाकर अपना तथा परिवार का पेट पालते हैं।

### संदिग्ध हालात में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जायस, अमेठी, अमृत विचार।** जनपद के जायस कोतवाली अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी 15119 देहरादून जनता एक्सप्रेस के चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर अजय कुमार द्वारा स्थानीय कोतवाली जायस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक युवक रईस उर्फ़ लाडले उम्र 24 वर्ष पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी मोहल्ला छोटा गोरियाना जायस सुबह से रोजा था। परिवारी जनों का आरोप है कि वह किन परिस्थितियों में रेलवे लाइन की तरफ चला गया और ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी मृतक युवक के परिवारी जनों को खबर मिलते ही कोहराम मच गया।उनका रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजकर जांच शुरू कर दी है।


रईस उर्फ लाडले।

## बरौलिया गांव में कुएं में मिला बुजुर्ग का शव, फैली सनसनी

**जामों, अमेठी।** थाना क्षेत्र के बरौलिया गांव में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के पास स्थित एक पुराने कुएं में बुजुर्ग का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव की पहचान राम आसरे (65) पुत्र बृजलाल निवासी पूरे दुनिया सिंह मजरे बरौलिया, थाना जामों के रूप में हुई। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार राम आसरे दो दिन पूर्व बुधवार शाम करीब चार बजे घर से खेत जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। जिस स्थान पर शव मिला, उसके पास ही एक पुराना जमीन के समतल स्तर का कुआं है। कुएं के किनारे मृतक की चप्पल भी पड़ी मिली है। प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिले अधेड़ की मौत



**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र के विशंभर पट्टी निवासी किरसन (45) पुत्र हरखे रैदास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर शाम वह अपने घर से पैदल सत्थिन की ओर गए थे। करीब एक घंटे बाद उनके छोटे भाई छोटे लाल को सूचना मिली कि पर मोड़ के पास वह संदिग्ध अवस्था में लहूलुहान पड़े हैं। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से घायल किरसन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जब उन्हें जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते जगदीशपुर में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

# गोमती नदी में युवती का शव मिलने से हड़कंप

**जगदीशपुर, अमेठी।** भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में गोमती नदी से एक 20 वर्षीय युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवती पड़ोसी जिले सुल्तानपुर की रहने वाली बताई जा रही है और दो दिन पहले उसके नदी में कूदने की सूचना सामने आई थी। जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र के गोहानिया गांव निवासी मनीषा निषाद (20) पुत्री रमई निषाद किसी बात से नाराज होकर दो दिन पहले गोमती नदी में कूद गई थी। घटना के बाद से परिजन, स्थानीय पुलिस और गोताखोर युवती की तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अमेठी जिले के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पास ग्रामीणों को गोमती नदी में एक शव दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। जांच के दौरान शव की पहचान सुल्तानपुर जिले के गोहानिया गांव निवासी मनीषा निषाद के रूप में हुई।

# सर्विस लेन के निर्माण को लेकर दी धमकी

**अमेठी, अमृत विचार।** ककवा रोड पर स्थित ओवरब्रिज के नीचे अधूरी पड़ी सर्विस लेन के निर्माण को लेकर समाजवादी पार्टी ने प्रशासन पर जनहित की उपेक्षा का आरोप लगाया है। पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष, गुंजन सिंह ने उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि बची हुई सर्विस लेन का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा गया है कि ककवा रोड ओवरब्रिज के नीचे एक ओर की सर्विस लेन का निर्माण तो पूरा हो चुका है, लेकिन दूसरी ओर का कार्य अभी तक अधूरा है। इस लापरवाही का खामियाजा प्रतिदिन राहगीरों, स्कूली बच्चों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के कारण न केवल यातायात जाम की समस्या बनी रहती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी मंडराता रहता है। स्थानीय लोगों द्वारा इस समस्या को कई बार संबंधित विभागों के समक्ष उठाया गया है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

**एक सप्ताह में हो निर्माणः** समाजवादी पार्टी ने जनहित को सर्वोपरि मानते हुए मांग की है कि बची हुई सर्विस लेन का निर्माण कार्य अविलंब शुरू किया जाए और अधिकतम एक सप्ताह के भीतर इसे पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को इस समस्या से निजात मिल सके। पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो सपा उप जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगी।

### अधिवक्ता की मोटरसाइकिल चोरी

**अमेठी, अमृत विचार।** तहसील परिसर से अधिवक्ता मनीष कुमार की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। अधिवक्ता मनीष कुमार सरोज शुक्रवार को किसी मुकदमे की पेशी के सिलसिले में तहसील अमेठी पहुंचे थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल तहसील परिसर के स्टैंड में खड़ी कर दी और मुकदमे की पैरवी के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह बाहर वापस लौटे तो देखा कि उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। इधर उधर ढूंढने के बाद जब गाड़ी नहीं दिखी तो पीड़ित ने इसकी सूचना अमेठी कोतवाली को लिखित तहरीर देकर दी। अधिवक्ता ने बताया कि बाइक चोरी की घटना दोपहर करीब 12 :30 बजे के आसपास की है। उन्होंने पुलिस से तहसील परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराकर वाहन का पता लगाने की गुहार लगाई है। अमेठी में चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। गुरुवार को अमेठी सीएचसी में खड़ी एक साइकिल को चोर के द्वारा चुरा कर ले जाते समय ,वहां पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।


ग्राम चौपाल में मौजूद अधिकारी व शिकायतकर्ता। अमृत विचार

### बेचूगढ़ में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, 10 में से पांच शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

**कमरौली, अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेचूगढ़ में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। ग्रामीणों ने राजस्व, बिजली, सड़क, आवास समेत विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े कुल 10 प्रार्थना पत्र दिए। इनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों ने संतोष जताया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही किया जाए। ग्राम चौपाल के माध्यम से लोगों की शिकायतें सीधे सुनी जाती हैं और उनका त्वरित निस्तारण कराया जाता है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# खामेनेई की मौत को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

- मुसाफिरखाना के भनौली गांव में नमाज के बाद निकला जुलूस अमेरिका और इजराइल के खिलाफ लगे नारे

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भनौली गांव में शुक्रवार को शिया समुदाय के लोगों ने ईरान के सर्वोच्च नेता और शिया धर्मगुरु आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद विरोध प्रदर्शन किया। नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग गांव की मस्जिद के बाहर एकत्र हुए और हाथों में खामेनेई की तस्वीर लेकर जुलूस निकाला। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अमेरिका और इजराइल के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। जुलूस गांव की मुख्य गलियों से होकर गुजरा और पूरे इलाके में नारेबाजी की आवाज गूंजती रही। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ भी नाराजगी जताई। समुदाय के लोगों का कहना था कि खामेनेई शिया समुदाय के प्रमुख धार्मिक मार्गदर्शक रहे हैं और उनकी मौत की खबर से पूरे समाज में गहरा दुख और आक्रोश है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि किसी नेता की हत्या से विचार समाप्त नहीं होते। उन्होंने नारे लगाते हुए कहा, "कितने खामेनेई मारोगे, हर घर से खामेनेई निकलेगा।" स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रदर्शन के दौरान गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।


नमाज के बाद विरोध-प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

# भागवत कथा सुनना कई जन्मों के पुण्य का फल : उज्ज्वल शास्त्री

**सिंहपुर, अमेठी।** सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के उसरहा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या से पधारे कथा व्यास उज्ज्वल शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा की महिमा बताई। कथा पांडाल में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का सार अत्यंत अद्भुत और कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भागवत कथा श्रवण करने का अवसर अनेक जन्मों के पुण्य संचित होने पर ही प्राप्त होता है। यह केवल सौभाग्य नहीं, बल्कि पूर्व जन्मों के सुकर्मों का फल है कि भक्तों को भगवान की दिव्य लीलाओं का श्रवण करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर संजय शुक्ला, शिवमोहन शुक्ला, ओमकार बाजपेई, आनंद बाजपेई, अतुल शुक्ला, राजेंद्र तिवारी, गोपी बाजपेई, दीपू शुक्ला, योगेश शुक्ला, जगजीवन तिवारी, लालजी मिश्रा, विजय शुक्ला, शिवमोहन चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता का संदेश देती है होलीः पूनम सिंह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के मौहारी भीटा में महिलाओं द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और महिलाओं के बीच सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला जिससे पूरा माहौल रंगों और खुशियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम में जेडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका पाण्डेय, शालिनी सिंह, रेखा, सरोज, दिव्यानी, रिशिता, अनामिका, अदिति, अनन्या, आशा देवी, आरती सिंह, विमलेश, गरिमा, रॉली आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और समाज में प्रेम व एकता का संदेश दिया।


होली मिलन समारोह में मौजूद कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह व अन्य।

### नारी शक्ति मिशन की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी थाना क्षेत्र के पूरे गोपाल गोसाईगंज गांव में होली के दिन युवती से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के कुछ दबंगों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। आरोप है कि घटना की शिकायत लेकर वह थाने पहुंची, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उसकी फरियाद नहीं सुनी गई। पीड़िता का कहना है कि होली के दिन गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को धमकियां देना शुरू कर दिया। न्याय न मिलने से परेशान युवती ने अपनी आपबीती का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़िता का पुलिस पर सीधा आरोप है कि वह लगातार थाने के चक्कर काट रही है, लेकिन अभी तक उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। मामला सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ऐसे में इस वीडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

## कागजों तक सिमटी ग्राम चौपाल, न पंचायत भवन खुला न पहुंचे अफसर

**संग्रामपुर, अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शुक्रवार को विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान करना है। इसके लिए चौपाल में नोडल अधिकारी अथवा किसी प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रहती है।लेकिन अमेठी जिले के विकास खंड संग्रामपुर, भेंटुआ और अमेठी में ग्राम चौपाल का आयोजन केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। अधिकांश स्थानों पर चौपाल कागजों और फोटो खिंचवाने तक ही सीमित दिखाई देती है।शुक्रवार को विकास खंड संग्रामपुर की ग्राम सभा मड़ौली और इंटौरी में ग्राम चौपाल आयोजित किया जाना था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही देखने को मिली। ग्राम सभा मड़ौली में पंचायत भवन का ताला तक नहीं खुला, जिससे चौपाल का आयोजन ही नहीं हो सका। वहीं ग्राम सभा इंटौरी में भी कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा।इस स्थिति से साफ जाहिर होता है कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना नहीं, बल्कि महज औपचारिकता निभाना रह गया है। ग्रामीणों का कहना है यदि अधिकारी ही चौपाल में नहीं होंगे तो समस्याओं का समाधान कैसे होगा। प्रशासन से मांग की कि ग्राम चौपाल को गंभीरता से लिया जाए और अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया जाए।

### मारपीट के आरोप में चार पर केस दर्ज

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सेमरौता गांव में जमीन विवाद को लेकर बीते गुरुवार को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेमरौता निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गुरुवार सुबह करीब सात बजे पड़ोसी शिवदयाल, ख़ुशीराम, सोना व अनीता उसके घर के सामने स्थित पुस्तैनी जमीन पर नींव खोदकर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई सुशील कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह बेहोश हो गया। बीच-बचाव करने आई भाभी को भी पीट दिया। शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### महिला को दी जान से मारने की धमकी

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे नत्थन शुक्ल पुरवा, मौजा लोनियापुर की रहने वाली सोनिया पाल ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता सोनिया पाल पत्नी विकास पाल ने बताया कि शुक्रवार को गांव के विकास सरोज पुत्र हरिलाल सरोज, हिमांशु सरोज पुत्र मसलती सरोज तथा दो अन्य लोग उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी लोग गाली-गलौज करने लगे और मारने-पीटने के साथ साथ जान से मारने की धमकी देने लगे। महिला के शोर मचाने के बाद उसकी ननद प्रीती पाल और दिव्या पाल मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने लगी। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें भी धमकाया और उठवा लेने की बात कहते हुए बाहर निकल गए।घटना के बाद पीड़िता काफी डरी हुई है। उसने कोतवाली अमेठी पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए परिवार की सुरक्षा की मांग की है। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर में आज से बहेगी मानस मंदाकिनी



रिफॉर्म क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते मानस समिति के पदाधिकारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** शुक्रवार को रिफार्म क्लब में मानस संत सम्मेलन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष श्री स्वामी ज्योतिर्मयानन्द की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान बताया गया कि 7 मार्च से 9 मार्च 2026 तक रिफार्म क्लब के मैदान में मानस संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। समिति के महामंत्री मन्टू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष संत सम्मेलन की अध्यक्षता चित्रकूट मध्य प्रदेश के जगद्गुरू श्रीरामस्वारूपाचार्य महाराज करेंगे। इसके अतिरिक्त पूज्य श्री 108 श्री स्वामी देवेन्द्रानन्दगिरि जी महाराज बड़ामठ डलमऊ, आस्था दुबे जबलपुर, पं. यज्ञेश मिश्र चित्रकूट, आचार्य मधुसूदन शास्त्री अयोध्या पं. नरेश चन्द्र शास्त्री उन्नाव, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी मंच संचालक प्रतापगढ़ आएंगे। संत सम्मेलन के पूर्व 6 मार्च को कथा स्थल पर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। समिति के महामंत्री मन्द्र शुक्ला ने बताया कि संत सम्मेलन प्रतिदिन सांय 3 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 9 बजे तक सम्पन्न होगा। 7 मार्च को सामूहिक हवन पूजन, संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा।

इनसे सीखें | प्रगतिशील किसान नंदकिशोर तिवारी और उनकी पत्नी अनुपमा तिवारी से लोग ले रहे प्रेरणा

# आदर्श एवं उन्नतशील बागवानी से महक उठी जीवन की बगिया

अंगद राही, शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** इंसान वहीं जो रोते हुए को हंसा दे, विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पहचान बना ले, न रुके, न थके जो किसी भी हाल में,किसान वहीं है जो ऊसर भूमि में भी फूल खिला दे। इन पंक्तियों को शिवगढ़ नगर पंचायत के भवनपुर के रहने वाले पूर्व पिपरी प्रधान एवं प्रगतिशील कृषक नन्द किशोर व उनकी धर्मपत्नी पूर्व प्रधान अनुपमा तिवारी ने चरितार्थ कर दिया है। 1980 में नन्दकिशोर तिवारी अपनी पत्नी अनुपमा के साथ सघन संस्थान लखनऊ गए थे और वहीं पर उनके मन में विचार आया कि क्यों न पर्यावरण को बचाए रखने के लिए गांव में एक आदर्श एवं उन्नतशील बागवानी तैयार की जा जाए जिससे लोग प्रेरणा लें। किन्तु उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती थी जिस जमीन पर उनके बाबा और पिताजी बाग लगाए थे वह मिट्टी ऊसरीली थी जिसके चलते अधिकांश पेड़ सूख चुके थे। एक आदर्श, उन्नतशील बागवानी तैयार करने के लिए उसरीली मिट्टी को उपजाऊ बनाना था। मन में दृढ़ संकल्प के साथ लखनऊ से लौट कर वापस आए नन्दकिशोर तिवारी जैविक एवं गोबर की खाद डालकर उसरीली मिट्टी को उपजाऊ बनाने में जुट गये। जिन्होंने कठिन मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से करीब एक हेक्टेयर में गोबर की खाद डालकर मिट्टी को ऐसा बना दिया कि कश्मीर में पैदा होने वाले सेब, नाशपाती, लीची, चीकू, तमिलनाडु, कर्नाटक में पैदा होने वाले नारियल, मोसम्मी, अंजीर, कमरख, किन्नू, फासला, संतरा अलूचा, नींबू, देशी आम, दशहरी आम, चौसा, सफेदा, अलूचा, मलीहाबादी, इलाहाबादी अमरूद, राजस्थानी अमरुद, खिन्नी, अंजीर, अंगूर, शरीफा, एप्पल बेर, पपीता की आदर्श बागवानी तैयार की इसके साथ ही फूलों में गुलाब, हर श्रृंगार, गुड़हल रातरानी, चमेली, चंपा, चांदनी, बेवन बेलिया, बेला, मालती, वाटर ब्रश, गेंदा, गुल्दावरी आदि सब्जियों में लोबिया भिंडी, तोरई, लौकी, कद्दू, खीरा, ककड़ी, तरबूज, मसाले में मिर्च, धनिया, लहसुन, कलौंजी, प्याज, अनाज में धान, मक्का, गेहूं, मटर, सरसों, उड़द, मूंग, सूरजमुखी। औषधि में तुलसी, पोदीना, मेंथा आदि की उन्नतशील खेती करने, कुछ ही सालों में उनकी बागवानी को देखने के लिए लोग बाहर आने लगे। आदर्श बागवानी से गांव में सृजित हुए स्वच्छ वातावरण से निर्मल भारत ग्राम योजना के तहत तिवारी को वर्ष 2007 में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उन्हें ग्राम पंचायत के विकास के लिए ढाई लाख का पुरस्कार दिया गया।


प्रगतिशील किसान नंदकिशोर और उनकी पत्नी अनुपमा। अमृत विचार

### नहीं करते रासायनिक खाद का प्रयोग

बाहर से अलग-अलग जलवायु के पेड़ लाकर लगाना और उनको पुष्पित और पल्लवित करने के लिए मेहनत करना ही नन्दकिशोर तिवारी का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि बागवानी और फसलों में रासायनिक खादों का प्रयोग नहीं करते।

### खेती को उपजाऊ बनाने के लिए किया पशुपालन

बागवानी को सही रखने के लिए तिवारी 1982 से पशुपालन कर रहे हैं जिससे अच्छा दुध उत्पादन करने के साथ ही खेत और बागवानी के लिए गोबर की खाद तैयार करते हैं इसके साथ ही उनके यहां गोबर गैस से घर का खाना भी बनता है।

